• जयपुर, रविवार 22 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 173 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950
दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस का आचरण राष्ट्र को शर्मसार करनेवाला...
पेज @4 जयपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण का पर्याय...
पेज @8 1 अप्रैल 2026 से पशुपालकों को 10 प्रति फैट दूध खरीद मूल्य मिलेगा...

खुफिया एजेंसियों ने दी चेतावनी

# देश में बड़े आतंकी हमले का हाई अलर्ट, लाल किला और प्रसिद्ध मंदिर लश्कर के निशाने पर

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत को एक बार फिर दहलाने के लिए सरहद पार से नापाक साजिशें रची जा रही हैं। देश की राजधानी समेत कई प्रमुख धार्मिक नगरियों को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने एक बेहद गंभीर अलर्ट जारी किया है। खुफिया विभागों को मिले पुख्ता इनपुट्स इशारा कर रहे हैं कि पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (रुद्गञ्ज) खून-खराबे की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस बार आतंकियों के सीधे निशाने पर देश की ऐतिहासिक धरोहरों के साथ-साथ हिंदुओं के प्रमुख आस्था केंद्र हैं, ताकि देश का माहौल बिगाड़ा जा सके।

## ऐतिहासिक इमारतों और धार्मिक स्थलों पर मंडरा रहा खतरा

खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस आतंकी संगठन का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले इलाकों और पवित्र धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर देश के सांप्रदायिक सौहार्द को गहरी चोट पहुंचाना है। आतंकवादी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के आसपास के क्षेत्रों और घनी आबादी वाले चांदनी चौक इलाके में मौजूद मंदिरों को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के जरिए निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। राजधानी के अलावा उत्तर प्रदेश के अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे शहरों के प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर भी आतंकियों के हिट लिस्ट में शामिल बताए जा रहे हैं, जिसके बाद इन सभी जगहों की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है।

### ● इस्लामाबाद ब्लास्ट का बदला लेने की साजिश

अलर्ट में इस बात का भी सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि भारत में दहशत फैलाने की यह साजिश असल में बदले की आग का नतीजा है। बताया जा रहा है कि बीते 6 फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद स्थित एक मस्जिद में हुए जोरदार धमाके के बाद से ही लश्कर के ऑपरेटिव पूरी तरह से बौखलाए हुए हैं। इसी घटना का बदला लेने के लिए वे भारत के किसी बड़े और संवेदनशील हिस्से में बड़ा आतंकवादी हमला करने की योजना बना रहे हैं, ताकि आम जनता के बीच खौफ का माहौल पैदा किया जा सके।



## दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने कसा सुरक्षा का शिकंजा

इस बेहद संवेदनशील इनपुट के मिलने के तुरंत बाद देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गई हैं। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने राजधानी के संवेदनशील इलाकों, खासकर पुरानी दिल्ली में अपनी चौकसी और गश्त कई गुना बढ़ा दी है। लाल किले के आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ सभी प्रमुख धार्मिक जगहों और टूरिस्ट हब पर अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए वाहनों की सघन चेकिंग का अभियान तेज कर दिया गया है और एंटी-सैबोटेज (तोड×फोड़ विरोधी) जांच भी लगातार की जा रही है, ताकि आतंकियों के हर मंसूबे को समय रहते नाकाम किया जा सके।

**न्यूज़ अपडेट**

## सड़क हादसा, डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, एक परिवार के 5 लोगों की मौत

**महेसाणा/एजेंसी।** गुजरात के मेहसाणा जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, एक परिवार राजस्थान में शादी में शामिल होने के बाद ईको कार से अहमदाबाद के रामोल वापस लौट रहा था। इस दौरान ऊंझा के उनावा के पास कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा होते ही मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। कार के परखच्चे उड़ गए। हादसा होते ही मौके पर भीड़ लग गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में पिता-पुत्र, एक महिला और एक बच्चे सहित कुल 5 लोगों की जान चली गई है। जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## बंगाल के प्रसिद्ध साहित्यकार मणि शंकर मुखर्जी का निधन

**कोलकाता/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध साहित्यकार मणि शंकर मुखर्जी (शंकर) का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि बंगाल के प्रख्यात साहित्यकार मणि शंकर मुखर्जी (शंकर) के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उनके निधन से बंगाली साहित्य ने अपने एक प्रतिभाशाली सितारे को खो दिया है। उन्होंने कहा कि चौरंगी से लेकर काटो अजनारे तक, और सीमाबद्ध से लेकर जना आरण्य तक, उनकी कालजयी रचनाओं ने बंगाली पाठकों की कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया है। उनके लेखन के माध्यम से आम लोगों के संघर्षों की अनकही कहानियों को सशक्त अभिव्यक्ति मिली। स्वामी विवेकानंद पर उनका गहन शोध और कार्य, विशेष रूप से, हमारे लिए अमूल्य धरोहर हैं।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा... गत सरकार ने कुछ नहीं किया, अब सच्चाई सुनने की भी हिम्मत नहीं

# हमारी 90% बजट घोषणाओं की स्वीकृतियां जारी



**नीतिगत विकास और योजनाओं को जमीन पर उतारा**

**राज्य** सरकार शानदार काम करते हुए नीतिगत विकास और योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। राज्य सरकार के मात्र दो वर्षों में 2719 बजट घोषणाएं की गई, जिनमें से 919 घोषणाएं पूर्ण की जा चुकी हैं और 1 हजार 531 पर कार्य प्रगतिरत है। इस तरह 90 प्रतिशत की स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं और 80 प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं या धरातल पर क्रियान्वयन शुरू हो गया है।

-श्री भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने आने वाले समय की कार्ययोजना बजट के रूप में रखने के साथ ही पहली बार सदन में अपनी सरकार के दो साल का रिपोर्ट कार्ड भी रखा था और उस पर सार्थक बहस का विपक्ष को अवसर दिया था, लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने अपने 5 वर्षों में कुछ नहीं किया और अब उन लोगों में सच्चाई सुनने की हिम्मत नहीं है, इसलिए वे सदन छोड़कर चले गए।

□ श्री शर्मा ने शनिवार को सदन में कहा कि हर सरकार का उत्तरदायित्व है कि वो हर साल अपने कार्य का रिपोर्ट कार्ड दे। हमने अपने दोनों वर्षों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा।

□ हमने प्रतिपक्ष की चुनौती स्वीकार करते हुए 2 साल बनाम 5 साल का प्रतिवेदन सदन में रखा, लेकिन विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। वे बहस करते तो 5 साल की सच्चाई जनता के सामने आ जाती।

### दो साल में संकल्प पत्र के 73% वादे पूरे किए, पूर्ववर्ती सरकार की 53% बजट घोषणाएं अधूरी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर राज्य सरकार जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र के कुल 392 वादों में से 73 प्रतिशत को पूरा कर लिया गया है या उनका कार्य प्रगति पर है।

□ हम संकल्प पत्र के प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे। पिछली सरकार के पांच वर्षों में कुल 4148 घोषणाएं की गई, जिनमें से 2208 घोषणाएं यानि 53% पूरी ही नहीं की गई। खासकर अंतिम वर्ष 2023-24 में 1426 घोषणाएं की गई, जिनमें 1142 यानि 80% पर कोई काम नहीं हुआ।

### 626 घोषणाओं पर जीरो काम हुआ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जबकि पूर्ववर्ती सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल में 626 घोषणाएं ऐसी की गई, जिन पर काम शून्य रहा, यानी केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए लोकलुभावन वादे कर दिए गए। 450 करोड़ रुपये की लागत से 2000 पायलट ड्रोन देने, 400 करोड़ से चार माइस सेंटर बनाने, 125 करोड़ से पांच गोल्फ कोर्स बनाने और 125 करोड़ से विश्वकर्मा एसएमई टावर बनाने जैसी घोषणाओं पर 'काम जीरो' हुआ।

### गत सरकार की तुलना में तीन गुना अधिक पेंशनर्स जोड़े

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि गरीब कल्याण की भावना को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार ने पिछली सरकार की योजनाओं को न केवल जारी रखा है, बल्कि उनकी प्रभावशीलता को भी बढ़ाया है।

□ सामाजिक सुरक्षा पेंशन का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने अंतिम समय में पेंशन में बढ़ोतरी जैसी घोषणाएं की, जबकि हमारी सरकार ने पहले ही साल से न्यूनतम पेंशन राशि को बढ़ाया और अब इसे बढ़ाकर 1300 रुपये कर दिया है।

□ इसके अलावा 2 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 10 लाख से अधिक नए पेंशनर्स जोड़े गए हैं, जो पूर्ववर्ती सरकार के 2 वर्षों के मुकाबले 3 गुना अधिक है।

□ मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन पर 16 हजार 69 करोड़ रुपये व्यय हुआ है, जो पिछली सरकार के पहले दो वर्षों के 9 हजार 913 करोड़ से डेढ़ गुना अधिक है।

□ इसी तरह, विशेष योग्यजन पेंशन पर 1 हजार 737 करोड़ रुपये व्यय किया गया है, जो पूर्ववर्ती सरकार के दो साल की तुलना में पौने दो गुना अधिक है। इसी प्रकार, गत सरकार के दो वर्ष की तुलना में बीपीएल परिवारों को डेढ़ गुना निःशुल्क आवासीय भूखंड आवंटन एवं पालनहार योजना के तहत सवा दो गुना व्यय किया गया है।

□ कल्याणकारी योजनाओं से सवा दो गुना निर्माण श्रमिक और स्वास्थ्य बीमा योजना में 37 लाख 53 हजार लाभान्वित हुए हैं जो पिछली सरकार की तुलना में तीन गुना है।

□ श्री शर्मा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिल रहे निःशुल्क खाद्यान्न के दुरुपयोग का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा शुरू किया गया गिवअप अभियान एक जन आंदोलन बना। इसमें लगभग 54 लाख व्यक्तियों ने स्वैच्छिक गिवअप किया और 27 लाख अपात्र व्यक्तियों के नाम ईकेवाईसी के जरिए हटाए गए।

□ खाद्यान्न से वंचित लगभग 72 लाख पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़कर उनका हक दिलाने का कार्य भी सरकार ने किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 लाख परिवारों को पट्टा वितरण के लक्ष्य से कहीं अधिक 2 लाख 19 हजार स्वामित्व कार्ड मय पट्टा वितरित किए जा चुके हैं।

पीएम मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता शुरू

# राष्ट्रपति भवन में लूला का औपचारिक स्वागत



नई दिल्ली/एजेंसी।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा का शनिवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेसिडेंट लूला का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक कर रहे हैं, जिसमें दो ग्लोबल साउथ देशों के बीच पार्टनरशिप को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की उम्मीद है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला का ये दौरा 18 से लेकर 22 फरवरी तक का है। अपने राजकीय दौरे पर राष्ट्रपति लूला इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भी शामिल हुए। द्विपक्षीय बैठक के अलावा द्रौपदी मुर्मु ब्राजील के प्रेसिडेंट के सम्मान में एक डिनर होस्ट करेंगी। बता दें, राष्ट्रपति लूला के साथ करीब 14 मंत्री और ब्राजील की कंपनियों के टॉप सीईओ का एक बड़ा डेलीगेशन भी है। साथ आए मंत्री भी अपने भारतीय समकक्षों के साथ मीटिंग करेंगे। ब्राजील के राष्ट्रपति के दौरे के दौरान एक बिजनेस फोरम का भी आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि ब्राजीलियाई कंपनियों के सीईओ भी इस फोरम में हिस्सा लेंगे। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते ट्रेड और कमर्शियल एंगेजमेंट को दिखाता है। यह प्रेसिडेंट लूला का भारत का छठा दौरा है।

## एआई समिट में हंगामा : सुधांशु त्रिवेदी ने यूथ कांग्रेस को बताया लश्कर-ए-राहुल, बोले- देश कभी माफ नहीं करेगा

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के हंगामे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लश्कर-ए-राहुल के झंडाबरदार भारत की इज्जत को तार-तार करने में लगे हुए हैं। इस तरह के निंदनीय कृत्य के लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। सुधांशु त्रिवेदी ने एक वीडियो संदेश में कहा, विश्व एआई शिखर सम्मेलन में जहां एक तरफ भारत की प्रतिभा और बुद्धिमत्ता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की निम्नता और नग्नता का एक शर्मनाक प्रदर्शन देखने को मिला। जो कुछ कांग्रेस ने किया, ये सिर्फ एक राजनीति नहीं है, इसे सिर्फ नकारात्मक राजनीति कहकर छोड़ा नहीं जा सकता। उन्होंने आगे कहा, ये राष्ट्र के साथ हो रहे द्रोह के समकक्ष है, क्योंकि पूरा देश इस विषय को लेकर उद्वेलित भी है और आक्रोशित भी है। इस तरह के निंदनीय कृत्य के लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कभी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में निम्न स्तरीय और नग्नता की राजनीति का प्रदर्शन नहीं हुआ। लेकिन राजनीति की मर्यादाओं को तोड़ते-तोड़ते कांग्रेस पार्टी आज उस स्थिति में पहुंच गई है, जहां राजनीति और राष्ट्र के विरोध की सीमा समाप्त होती है।

यूजीसी ने जारी की लिस्ट; दिल्ली ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

# देशभर में धड़ल्ले से चल रहीं 32 फर्जी यूनिवर्सिटी

नई दिल्ली/एजेंसी।

उच्च शिक्षा हासिल कर सुनहरे भविष्य का सपना देखने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक बेहद जरूरी खबर है। अगर आप किसी भी नए संस्थान में दाखिला लेने की योजना बना रहे हैं, तो जरा सतर्क हो जाइए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश भर में शिक्षा के नाम पर दुकान चला रहे 32 फर्जी विश्वविद्यालयों का भंडाफोड़ किया है। आयोग ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए साफ किया है कि इन अवैध संस्थानों से बांटी जा रही कोई भी डिग्री न तो किसी सरकारी या प्राइवेट नौकरी के लिए मान्य होगी और न ही इसके आधार पर आगे की पढ़ाई की जा सकेगी।

### ● दाखिला लेने से पहले यूजीसी की वेबसाइट पर जरूर करें जांच




छात्रों की मेहनत की कमाई और उनके करियर का कीमती समय बर्बाद होने से बचाने के लिए यूजीसी ने एक महत्वपूर्ण सलाह दी है। आयोग का स्पष्ट रूप से कहना है कि थोड़ी सी जागरूकता ही इस तरह के बड़े फर्जीवाड़े से बचने का एकमात्र अचूक उपाय है। किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय में एडमिशन का फॉर्म भरने या फीस जमा करने से पहले, छात्रों को यूजीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उस संस्थान की मान्यता और क्रेडिबिलिटी की पूरी तरह से जांच-पड़ताल कर लेनी चाहिए। आपकी एक छोटी सी सतर्कता आपको जिंदगी भर के पछतावे से बचा सकती है।

### ● राजधानी दिल्ली में शिक्षा के नाम पर सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा

यूजीसी के ताजा आंकड़ों ने उच्च शिक्षा व्यवस्था की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चिंताजनक बात यह है कि पिछले महज दो सालों के भीतर ही इन गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों की संख्या 20 से उछलकर 32 तक पहुंच गई है। इस काली सूची में देश की राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है, जहां अकेले 12 फर्जी यूनिवर्सिटी सक्रिय पाई गई हैं। इसके अलावा, इस बार हरियाणा, राजस्थान, झारखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों के नाम भी इस सूची में जुड़ गए हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भी शिक्षा के नाम पर यह गोरखधंधा बदस्तूर जारी है।

संपादकीय

# फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' विवाद

डील के मुताबिक अमेरिका से आयातित कपास से जो वस्त्र बांग्लादेश में बनेगा, उस पर अमेरिका में शून्य आयात शुल्क लगेगा। इस तरह बांग्लादेश के उत्पादक अब भारतीय कपास के बजाय अमेरिकी कपास खरीदने के लिए प्रेरित होंगे।

भारत में सरकार समर्थक लोग अभी ये जश्न मना ही रहे हैं कि ट्रेड डील के बाद भारत के वस्त्र जैसे श्रम–केंद्रित उद्योगों के उत्पादों को अमेरिकी बाजार में अनुकूल स्थितियां मिलेंगी, डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने बांग्लादेश को भारत के बड़े प्रतिस्पर्धी के रूप में खड़ा कर दिया है। अमेरिका से हुए ट्रेड डील के बाद बांग्लेदश के उत्पादों पर अब अमेरिका में 37 के बजाय 19 फीसदी टैरिफ ही लगेगा। वैसे टैरिफ के मामले में भारतीय उत्पादों को फिर भी एक फीसदी का लाभ है, लेकिन भारत को असल नुकसान डील के एक दूसरे प्रावधान से होगा। उसके मुताबिक अमेरिका से आयातित कपास से जो वस्त्र बांग्लादेश में बनेगा, उस पर शून्य आयात शुल्क लगेगा।

इस तरह बांग्लादेश के उत्पादक अब भारतीय कपास के बजाय अमेरिकी कपास खरीदने के लिए प्रेरित होंगे। इससे भारतीय कपास उत्पादकों का एक अहम बाजार छिन जाएगा। कुल मिलाकर डील में ऐसे प्रावधान हैं, जिससे बांग्लादेशी उत्पादक 70 फीसदी तक अमेरिकी इनपुट का इस्तेमाल कर सकेंगे। यानी डील से दोनों पक्षों को लाभ होगा। बांग्लादेश से अमेरिका को होने वाले निर्यात में 95 फीसदी हिस्सा कपड़े का रहा है। अतः ये डील बांग्लादेश के लिए संजीवनी बन कर आया है। भारत से टैरिफ में जो एक फीसदी अंतर है, उसे अमेरिकी आयातक और बांग्लादेशी उत्पादक आसानी से आपस में एडजस्ट कर सकेंगे।

इस तरह अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्त्र उत्पादकों के लिए बांग्लादेश मजबूत प्रतिस्पर्धी बन जाएगा। बांग्लादेश ने अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन, मक्का, मोटर पाट–पुर्जे, मेडिकल उपकरण और विमान खरीदने का वादा भी किया है। लेकिन डील में भारत जैसी पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी की कोई शर्त शामिल नहीं की गई है। तो बांग्लादेश कितनी खरीदारी करेगा, यह उसकी जरूरतों से तय होगा। यानी बांग्लादेश भारत की तुलना में अमेरिका से अपने लिए अधिक अनुकूल व्यापार समझौता करने में सफल रहा है। दूसरी तरफ इस डील का सर्वाधिक दुष्प्रभाव संभवतः भारत पर ही पड़ेगा, क्योंकि अब तक बांग्लादेश भारत के गेहूं, सोयाबीन, मक्का, मोटर पाट–पुर्जे, और मेडिकल उपकरण का भी बड़ा खरीदार रहा है। स्पष्टतः ये डील भारत पर दोहरी मार है।

## चीनी टैंक ठिठक कर रुके

● हरिशंकर व्यास

सोचे, कल्पना करें भारत के सेनापति के 31 अगस्त 2020 की रात 8.15 बजे से 10.30 तक के क्षणों पर। तब चार टैंक लिए चीनी पैदल सेना भारत की सीमा की और बढ़ रही थी। कहां? लद्दाख के रेजिन् ला इलाके में। उत्तरी कमांड के जनरल योगेश जोशी ने 8.15 बजे भारत के सेनापति जनरल एमएम नरवणे को फोन पर चीनी सैनिकों, टैंकों के बढने् की आपतकालीन सूचना दी और पूछाझ्क्या आदेश है? थलसेना प्रमुख जनरल नरवणे ने तुरंत रक्षा मंत्री, एनएसए, विदेश मंत्री, एनएसए, सीडीएस को फोन किया। संकट और उसकी गंभीरता बताई। और 'आदेश' के लिए कहां। शायद इसलिए भी क्योंकि सेना को आदेश था कि 'सबसे ऊपर से मंजूरी मिलने तक गोली नहीं चलानी है।' पर थलसेना प्रमुख के लगातार फोन करने, आदेश मांगने के बावजूद न कोई आदेश! न सुरक्षा मामलों की केबिनेट सीसीएस की आपतकालीन बैठक। ले.जनरल योगेश जोशी ने 9.10 पर वापिस सेना प्रमुख को फोन कर पूछा कि क्या आदेश है? ले. जनरल ने सेना चीफ को सूचना दी टैंक आगे बढ़ते जा रहे हैं, और अब वे चोटी से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर हैं, आदेश दे? सेना प्रमुख ने फिर सभी को (रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल और सीडीएस जनरल बिपिन रावत) फोन किया, ताजा स्थिति बताई और साफ निर्देश मांगे। हालात तनावपूर्ण थे। फोन लगातार बज रहे थे।

जनरल नरवणे की किताब के जो अंश सामने आए हैं उसके मुताबिक उन्होंने अपनी पुस्तक में लिखा है, हर किसी से मेरा एक ही सवाल था, 'मेरे आदेश क्या हैं? हर किसी से मेरा एक ही सवाल था, 'मेरे आदेश क्या हैं?' ज्पीएलए कमांडर मेजर जनरल लियू लिन के साथ हॉटलाइन पर (सेनाधिकारियों ने) बातचीत की। इसमें सुझाव दिया गया था कि दोनों पक्ष कोई भी कदम न उठाएं और अगले दिन सुबह 9.30 बजे दोनों स्थानीय कमांडर दर्रे पर मिलें। इसकी सेना प्रमुख ने रात 10 बजे रक्षा मंत्री और एनएसए को जानकारी दी। मैंने अभी फोन रखा ही था कि 10.10 बजे ले.जनरल योगेश जोशी ने फिर फोन किया। उसने बताया कि टैंक फिर से आगे बढने् लगे हैं और अब सिर्फ करीब 500 मीटर दूर हैं।,

# आरक्षण की व्यवस्था जस की तस



**अजीत द्विवेदी**

लोक कल्याण या एफर्मेटिव एक्शन से जुड़े हर कानून में या हर नीतिगत फैसले में एक 'एक्जिट क्लॉज' या 'सनसेट क्लॉज' होता है। यह इसलिए जरूरी होता है ताकि जब कानून का उद्देश्य पूरा हो जाए तो उसे समाप्त किया जा सके। हालांकि भारत में ऐसा होता नहीं है। संविधान बनाने वालों ने आरक्षण को 10 साल और अंग्रेजी को 15 साल तक कामकाज की भाषा रखने का कानून बनाया था। लेकिन आजादी के 77 साल बाद तक दोनों चीजें बनी हुई हैं। आजादी के 77 साल बाद आरक्षण की व्यवस्था न सिर्फ जस की तस चल रही है, बल्कि उसमें नए नए किस्म के आरक्षण जुड़ रहे हैं। आरक्षण बढ़ाने और उसके दायरे का विस्तार करने की मांग भी उठ रही है और हैरानी नहीं होगी, अगर अगले साल होने वाली जाति जनगणना के बाद आरक्षण बढ़ाया जाए और उसके दायरे में निजी क्षेत्र और उन सभी क्षेत्रों को भी लाया जाए, जो अभी उसके दायरे से बाहर हैं।

'मुफ्त की रेवड़ी' का मामला भी आरक्षण की व्यवस्था की तरह होता जा रहा है। कोई भी लोक लुभावन घोषणा ऐसी ही होती है। वह शेर की सवारी की तरह है। उस पर सवारी तो सर्वशक्तिमान होने का अहसास कराती है लेकिन यह खतरा हमेशा रहता है कि उस पर से गिरे तो शेर खा जाएगा। इसी चिंता में कोई भी पार्टी आरक्षण की व्यवस्था खत्म करने के बारे में नहीं सोचती है, उलटे आगे बढ़ कर श्रेय लेती है कि उसने आरक्षण में और क्या क्या जोड़ दिया। इसी तरह इन दिनों 'मुफ्त की रेवड़ी' का मामला है। भले ही अर्थव्यवस्था का रक्तस्राव बढ़ता जा रहा है और हालत बिगड़ती जा रही है लेकिन कोई इसे खत्म करने की हिम्मत नहीं कर सकता है। उलटे सभी राज्य हर चुनाल से पहले नकद बांटने की कोई न कोई नई योजना घोषित कर रहे हैं।

पिछले दिनों पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बजट पेश किया तो महिलाओं के मिलने वाली मासिक आर्थिक मदद को एक हजार रुपए से बढ़ा कर डेढ़ हजार कर दिया। साथ ही बेरोजगार युवाओं को डेढ़ हजार रुपया महीना देने की घोषणा की। बजट में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनेगी तो 15 अगस्त 2026 से युवाओं को डेढ़ हजार रुपया महीना दिया जाएगा। लेकिन उनको लगा कि अगस्त से देने का वादा शायद ज्यादा वोट नहीं दिला सके तो उन्होंने ऐलान कर दिया कि चुनाव से पहले ही बेरोजगारों को यह पैसा मिलने लगेगा। पश्चिम बंगाल सरकार एक अप्रैल से युवाओं को डेढ़ हजार रुपया महीना देगी। ध्यान रहे अप्रैल में ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जाहिर है इसका मकसद चुनाव को प्रभावित करना है। बिहार में इसी तरह चुनाव से ठीक पहले नीतीश कुमार की सरकार ने मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के तहत हर घर की एक महिला को 10 हजार रुपए देना शुरू किया। झारखंड में मइया सम्मान योजना ने हेमंत सोरेन की सरकार को लगातार दूसरी बार जीतने में मदद की। मध्य प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से राजधानी दिल्ली तक किसी न किसी रूप में एक से ज्यादा 'मुफ्त की रेवड़ी' वाली योजनाएं चल रही हैं।

इस साल आम बजट से पहले केंद्र सरकार ने जो आर्थिक सर्वे पेश किया उसमें 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने वाली योजनाओं को लेकर चिंता जताई गई। कहा गया कि इससे लोगों को तत्काल फायदा तो होता है लेकिन लंबे समय में इसका नुकसान हो रहा है। फायदे का तो पता नहीं है लेकिन नुकसान को लेकर कई आंकड़े पहले भी सामने आ चुके हैं। महिला को नकद रुपए देने की योजना पर राज्यों का कुल खर्च सालाना दो लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। कई सर्वेक्षणों में बताया गया कि नकद पैसे और मुफ्त की वस्तुओं और सेवाओं की वजह से लोगों में काम करने की इच्छा कम हो रही है। महाराष्ट्र में माझी लड×की बहिन योजना के बाद महिलाओं की कामकाज में भागीदारी कम होने की खबर आई थी।

ध्यान रहे देश में संगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम ही हैं और असंगठित क्षेत्र में रोजगार बहुत मुश्किल भी है और श्रमसाध्य भी है। सरकारें उसे ठीक नहीं कर पा रही हैं। इस बीच लोगों को नकद पैसे मिल रहे हैं और मुफ्त में सेवाएं व वस्तुएं भी मिल रही हैं, जिससे बहुत आरामदेह तो नहीं लेकिन जीवन जीने की स्थितियां मिल रही हैं। इसका असर उत्पादकता पर पड़ रहा है। भारत को इस समय मुफ्त की वस्तुएं, सेवाएं और नकद बांटने की बजाय श्रम शक्ति के सार्थक इस्तेमाल की नीतियां बनाने की जरुरत है। लोगों को सम्माननजक रोजगार और वेतन मिले इसके उपाय करने की जरुरत है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि यूरोपीय संघ से लेकर अमेरिका तक के साथ भारत की व्यापार संधि हो रही है और भारत के उत्पादों के लिए दुनिया का बाजार खुल रहा है। अगर भारत में विनिर्माण सेक्टर मजबूत होता है और कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ती है तो करोड़ों करोड़ लोगों का जीवन संवारना आसान हो जाएगा।

इसकी बजाय अगर भारत में मुफ्त की रेवड़ी बांटने का चलन जारी रहता है तो इन बदली हुई स्थितियों का लाभ उठाना मुश्किल हो जाएगा। साथ ही राज्यों की हालत और बिगड़ती जाएगी। उनका खर्च और कर्ज दोनों बढ़ेगा। जैसे जैसे कर्ज बढ़ेगा वैसे वैसे ब्याज चुकाने में ज्यादा रकम खर्च होगी। इससे लोक कल्याणकारी योजनाओं के साथ साथ शिक्षा व स्वास्थ्य का खर्च कम होगा और बुनियादी ढांचे के विकास का खर्च भी कम होगा। राज्यों की लगातार बिगड़ती अर्थव्यवस्था की वजह से कई राज्यों में सरकारों ने इस बारे में सोचना शुरू किया है। लेकिन वही शेर की सवारी वाली बात है इसलिए कोई अपनी तरफ से आगे बढ़ कर ऐसी योजनाओं को रोकने की हिम्मत नहीं कर रहा है।

लेकिन अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने विचार के लिए पहुंचा है और चीफ जस्टिस ने इस पर विचार के लिए तीन जजों की बेंच का गठन कर दिया है। कायदे से पहले ही पांच जजों की बेंच बना कर संविधान पीठ में ही सुनवाई होती तो बेहतर होता। लेकिन तीन जजों की बेंच भी लोक कल्याण को परिभाषित कर सकती है और 'मुफ्त की रेवड़ी' व लोक कल्याण का फर्क समझा जा सकती है। ज्यादातर राज्य सरकारें चाहेंगी कि सुप्रीम कोर्ट कोई रूलिंग दे तो वे उसको लागू करें और नकद पैसे बांटने या सेवाएं व वस्तुएं मुफ्त में उपलब्ध कराने की योजनाओं को बंद करें। ध्यान रहे इस देश में बहुत सारे अलोकप्रिय या राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों को अदालत के फैसलों से सुलझाया गया है। 'मुफ्त की रेवड़ी' का मामला भी उसी रास्ते पर बढ़ता दिख रहा है। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि राज्य इस पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।

क्योंकि जब मामला सुप्रीम कोर्ट में सुना जाएगा तो केंद्र से लेकर राज्यों तक को नोटिस भेजा जाएगा या खुद राज्य सरकारें पक्षकार बनेंगी। ध्यान रहे मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य से लेकर बुजुर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं, किसानों, बेरोजगारों आदि के लिए जन कल्याण की योजनाएं पहले भी चलती थीं। उन्हें किस रूप में जारी रखना है यह अदालत को तय करना है। लोक कल्याण और 'मुफ्त की रेवड़ी' का फर्क साफ साफ बताना होगा ताकि बाद में सरकारें चुनावी फायदे के लिए सरकारी खजाना लुटाने वाले काम नहीं कर सकें और साथ ही जरुरतमंदों को मदद भी मिलती रहे। महिलाओं को पैसे बांट कर बिहार चुनाव जीतने के आरोप लगाते हुए प्रशांत किशोर पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। उनकी याचिका तो खारिज हो गई लेकिन अदालत ने कहा कि वह इस मामले को देख रही है। उम्मीद करनी चाहिए कि सर्वोच्च अदालत से कोई स्पष्ट आदेश आएगा।

## शब्द सामर्थ्य -322

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्ढी, दाढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (3.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (3.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खी से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला, विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14. ए, गुरुबेल, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल**



## सू- दोकू क्र.322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.321 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज आपका दिन बढिया़ रहेगा। दोपहर तक आपको अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा मौका ही न दें। आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे।
शुभ रंग- सिल्वर, शुभ अंक- 9

### वृष राशि :

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बीतेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड×कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज सरकारी काम या कोर्ट संबंधित कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा, एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिल सकता हैं।
शुभ रंग- हरा, शुभ अंक- 8

### मिथुन राशि :

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्य स्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें।
शुभ रंग- पिंक, शुभ अंक- 4

### कर्क राशि :

आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में बीतेगा आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी।
शुभ रंग- पर्पल, शुभ अंक- 9

### सिंह राशि :

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।
शुभ रंग- पिंक, शुभ अंक- 1

### कन्या राशि

आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा । आज आप पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं । आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी ।
शुभ रंग- लाल, शुभ अंक- 2

### तुला राशि

आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नये मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे। आज आप ज्यादातर मामलों में खुद को भाग्यशाली महसूस करेंगे।
शुभ रंग- ग्रे, शुभ अंक- 9

### वृश्चिक राशि

आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है । इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है । स्वास्थ्य को लेकर आज आप सतर्क रहेंगे। आज कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा। आज के दिन जरूरतमंद को भोजन कराएंगे आपको बेहतर महसूस होगा।
शुभ रंग- हरा, शुभ अंक- 2

### धनु राशि

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढिया़ है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ आएँगी। बच्चे आज आपको सरप्राइस देंगे।
शुभ रंग- लाल, शुभ अंक- 5

### मकर राशि

आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनायेंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है । आज आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आयेगा, जिससे जीवनसाथी बेहद प्रसन्न रहेंगे। आज व्यापार को गति देने में किसी अनुभवी की सलाह कारगर साबित होगी।
शुभ रंग- ओरेंज, शुभ अंक- 6

### कुंभ राशि :

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है, इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के साथ बाहर डीनर पर जा सकते हो। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहेगा। जीवनसाथी प्रसन्न होने की वजह देंगे।
शुभ रंग- पीच, शुभ अंक- 8

### मीन राशि :

आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। ऑफिसियल यात्रा का कार्यक्रम बन सकता हैं। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप बड़ा फैसला कर सकते हैं।
शुभ रंग- नीला, शुभ अंक- 7

## संक्षिप्त समाचार

### जनमंच सभागार में कल लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर, वंचितों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कल, 22 फरवरी (रविवार) को नगर निगम स्थित जनमंच सभागार में एक विशाल 'मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के निर्धन वर्ग, महिलाओं, दिव्यांगों, अनुसूचित जाति व जनजाति, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक ही छत के नीचे कानूनी सहायता और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज, पप्पू सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग पात्र लाभार्थियों की सूची समय से तैयार रखें। शिविर में विधिक परामर्श के साथ-साथ विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का मौके पर ही वितरण सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें पूर्व-पंजीकृत लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तहसील और ग्राम स्तर पर पराविधिक स्वयंसेवकों (ढछश२) द्वारा सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठा सकें।

### उत्साह और उमंग के साथ आज निकलेगी धमका पांचु गैर

- **धमका पांचु की पांच गैर के साथ होली-धुलण्डी पर निकलेगी माली समाज की ऐतिहासिक मुख्य गैर**

**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर। मेहराम गहलोत।** कस्बे के पीपाड़ शहर में माली समाज की ओर से मालियान आथुणी हथाई से निकलने वाली ऐतिहासिक होली की गैर ''धमका पांचु'' आज से शुरू होगी। चंग की थाप, पैरों में घुंघरू, सिर पर रंग-बिरंगे साफे, धोती-कमीज की पारम्परिक वेशभूषा और फागण गीतों की मस्ती के साथ गैर का दृश्य पूरी तरह फागणमय रहेगा। गैर सदस्य चंग की थाप पर पारम्परिक फागुनी गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान ''खड़िया रे'', ''हां रे फागण फरवरियो'', ''होळी आइगी'', ''सेला बाजारां में कांईं'', ''मेहंदी वाळो खेत'' सहित कई गीतों से माहौल रंगीन होगा।

- **पांच चरणों में निकलेगी धमका पांचु गैर**

आयोजन समिति के रामदिन भलालिया ने बताया कि पांच गैर 22 फरवरी से शुरू होकर 24 फरवरी, 26 फरवरी, 28 फरवरी और 2 मार्च को निकाली जाएगी। गैर का मार्ग आथुणी हथाई से व्यापारी मोहल्ला, सुभाष घाट, मोचीवाड़ा, चौपाटा बाजार, कोट गेट, ईलाजी बाजार होते हुए छीपो के मोहल्ले से सावित्रीबाई फुले माली समाज भवन, पुरानी नगर पालिका रोड होकर पुनः आथुणी हथाई पर समापन होगा।

- **होली व धुलण्डी पर निकलेगी मुख्य गैर**

माली समाज के अध्यक्ष सुखदेव सैनी ने बताया कि 3 मार्च को होली तथा 4 मार्च को धुलण्डी पर मुख्य गैर आथुणी हथाई, खैरादी मोहल्ला, शहीदों का चौक, व्यापारी मोहल्ला, नगर पालिका रोड होते हुए सब्जी मंडी के पास विसर्जित होगी। आयोजन समिति ने मार्ग में अतिक्रमण हटाने व साफ-सफाई के लिए नगर पालिका प्रशासन को भी अवगत कराया है।

- **व्यवस्थाओं में जुटे गैरीये, रहेगा पुलिस जाब्ता**

गैर के दौरान जगदीश टाक, चेनाराम गहलोत, प्रकाश, गुमानराम, सत्यनारायण, सुगनाराम गोकलिया, हनुमानराम, टीकम मारोटिया, सुभाष भाटी, जगदीश गहलोत सहित कई गैरीये व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष पुलिस जाब्ता भी तैनात रहेगा।

- **पारम्परिक वेशभूषा रहेगा खास आकर्षण**

अमराराम गहलोत ने बताया कि सभी गैरीये पारम्परिक वेशभूषा – धोती-चोला, राजस्थानी साफा और पैरों में घुंघरू पहनकर चंग की थाप पर फागण गाते हुए शामिल होंगे, जो गैर का विशेष आकर्षण रहेगा।

#### भारत की प्रगति से व्यथित कांग्रेस ने एआई समिट में किया देशविरोधी कृत्य : मदन राठौड़

# एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस का आचरण राष्ट्र को शर्मसार करनेवाला: मदन राठौड़

### वैश्विक मंचों पर देश का अपमान नहीं सहेगा भारत,कांग्रेस को आत्ममंथन की जरूरत : मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आचरण की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि यह कोई साधारण राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा के विरुद्ध गंभीर कृत्य है। जब पूरा विश्व भारत की नेतृत्व क्षमता, तकनीकी नवाचार और वैश्विक प्रभाव को स्वीकार कर रहा है, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके सहयोगियों द्वारा देश की छवि धूमिल करने का प्रयास अत्यंत निंदनीय है।
उन्होंने कहा कि 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों एवं शासनाध्यक्षों की भागीदारी तथा 2.5 लाख लोगों के पंजीकरण ने यह सिद्ध किया है कि भारत आज वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्व के शीर्ष उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं ने भारत की तकनीकी प्रगति, डिजिटल परिवर्तन और दूरदर्शी नेतृत्व की खुलकर सराहना की है।
राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस को अपने आचरण पर आत्ममंथन कर क्षमा याचना करनी चाहिए थी, इसके विपरीत उसके नेताओं ने ऐसे प्रदर्शन को उचित ठहराने का प्रयास किया। लोकतंत्र में सरकार और नीतियों की आलोचना का अधिकार सभी को है, किंतु देश के विरुद्ध प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को क्षति पहुँचाना अस्वीकार्य है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व कल्याण, डिजिटल क्रांति और समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी जी के शासन में डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने देश के छोटे से छोटे व्यापारी और सड़क विक्रेता तक को सशक्त बनाया है। भारत की तीव्र प्रगति को विश्व के अनेक नेताओं ने सार्वजनिक रूप से सराहा है।
प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। पार्टी और सरकार की बैठकों में भी यह मार्गदर्शन दिया जाता है कि किसी भी वक्तव्य या कार्य से देश की गरिमा को आघात नहीं पहुँचना चाहिए। इसके विपरीत राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता निरंतर भारत की उपलब्धियों पर प्रश्न चिह्न लगाते रहे है।
उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र का हिस्सा है, परंतु देश को बदनाम करना या राष्ट्र की छवि को नुकसान पहुँचाना किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए और देश को शर्मसार करने वाले कृत्यों से स्वयं को दूर रखना चाहिए।
राठौड़ ने अंत में कहा कि भारत आज विश्व नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है और देश की जागरूक जनता राष्ट्रहित के विरुद्ध किसी भी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

#### तीन नंबर प्लैटफार्म पर नही है कोई भी सुविधा

# रेलवे प्लैटफार्म नम्बर 3 बदहाली के शिकार में

### महिलाओ को शौचालय के लिए होना पडता है परेशान

चमकता राजस्थान

**लाखेरी।** कोटा मण्डल के लाखेरी रेलवे प्लेटफॉर्म पर सुविधाओ का टोटा यात्रियों पर भारी पड रहा है।खासकर महिलाओ के लिए तो जरूरी सुविधाएं ढूंढने पर भी उपलब्ध नही हो रही है।स्टेशन का। कुछ समय पूर्व ही हुआ है प्लेटफॉर्म का नया कार्य देखा जाए तो तीन नंबर प्लैटफार्म पर एक भी जरूरी सुविधा नही है जिसके लिए रेलवे प्रसासन धम भरता है। लाखेरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर 3 पर लैट्रीन बाथरुम नही होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल लाखेरी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नम्बर 3 का नया निर्माण हुआ है लेकिन इस निर्माण कार्य के साथ जरूरी सुविधाओ का ध्यान नही रखा।प्लेटफार्म की लम्बाई के साथ ऊँचाई बढ़ाई गई है। लेकिन उक्त प्लेटफार्म पर शौचालय नहीं होने से यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। खासकर महिला यात्रियो के सामने यह समस्या गभीर बन जाती है, आवशयक होने पर यात्रियों को शौच के लिए ओवरब्रिज से होकर बाहर बुकिंग ऑफिस में जाना पडता है,या लाइन क्रोश करके दूसरे प्लेटफॉर्म पर मजबूरन जाते हैं। ऐसे में दुर्घटनाएं बढ़ने की संभावनाएं बढ़ जाती है।प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ने के बाद आगे और पीछे की तरफ यात्रियों के लिए छाया, पानी वह बैठने तक कि उचित व्यवस्था तक नही है,देखा जाए तो प्लेटफॉर्म का नया निर्माण तो हुआ पर यात्रियों की सुविधा का ध्यान नही दिया गया,इसी प्रकार प्लेटफॉर्म नम्बर 1 ओर 2 पर एक ही लैट्रीन बाथरूम है,जो भी पुराने समय का बताया जाता है , जिसको लेकर यात्रियों में रोष व्याप्त हैं।



- **स्टेशन अधीक्षक द्वारा बताया गया**

लाखेरी प्लेटफॉर्म का मामला पिछले कई दिनों से जानकारी में है इसके लिए अधिकारियो को अवगत करवा चुके है और समय समय पर अवगत करवाते आरहे समस्या गम्भीर है महिलाओं और यात्रियों को लेकर,जल्द इसका समाधान रेलवे द्वारा किया जाएगा,

» स्टेशन अधीक्षक विजय राम मीणा

#### महिला यात्रियों को होती है खासा परेसानी

» खासकर प्लेटफॉर्म नम्बर 3 पर बुजर्ग वह गर्भवती महिलाओं को काफी परेसानी का सामना करना पड़ता है ट्रैन लेट होने की स्थिति में यह महिलाएं बाथरूम के लिए परेसान देखी जाती,एक बुजर्ग महिला जो ट्रैन यात्री थी उसके द्वारा यह जानकारी मीडिया कर्मी को दी गई,मीडिया द्वारा प्लेटफॉर्म पर देखने पर किसी प्रकार की कोई सुविधा प्लेटफॉर्म नम्बर 3 पर नजर नही आई,

### बैडमिंटन संघ की दौड़ स्पर्धा-3 में सास- ससुर ,दामाद -बेटी एवं नाती दौड़ेंगे एक साथ

चमकता राजस्थान

**बूंदी।** जिला बैडमिंटन संघ की दौड़ स्पर्धा-3 बच्चों अभीभावको एवं नेताओं की 22 फरवरी 2026 को स्थानीय खेल संकुल बूंदी में प्रातः 8:00 बजे आयोजित करवाई जाएगी इस प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता एवं नाना नानी भी दौड़ते देखे जा सकेंगे जो बूंदीवासियों के लिए खेलों के प्रति लगाव एवं खेल से स्वस्थ रहो मस्त रहो का संदेश देगा।





जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट ने बताया कि यह प्रतियोगिता 5 से 14 वर्षीय बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावको एवं बूंदी के नेताओं की दौड़ स्पर्धा संघ की प्रथम अनूठी पहल है जिसमें बच्चों एवं बच्चियों की करीब 60 प्रविष्टियाँ साथ में अभिभावकों में एक प्रविष्टि जिसमें बच्चों के साथ माता पिता एवं नाना नानी भी प्रतियोगिता का हिस्सा बने है हमें प्राप्त हुई है वही नेताओं की भी प्रविष्टियां प्राप्त हुई है। निर्णायक समिति में गुरुदत्त शर्मा, मुकेश दाधीच,मनीष जायसवाल,धावक कृष्ण को शामिल किया गया है।

### पंच परमेष्ठी मंडल विधान का किया पूजन



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/ सवाई माधोपुर।** श्रीमाल जैन समाज के धर्मावलम्बियो ने में जगत कल्याण की कामनार्थ शनिवार को पंच परमेष्ठी मंडल विधान का श्रद्धा-भक्ति पूर्वक पूजन किया गया। इस दौरान वातावरण पंच परमेष्ठी की भक्ति के रंग से सराबोर था। प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि इस मौके पर अहिंसा सर्किल आलनपुर स्थित दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चमत्कारजी में ब्रह्मचारी मुकेश भैया (अशोक नगर,मध्य प्रदेश) के मंत्रोचार के बीच पंच परमेष्ठी मंडल विधान का अष्ट द्रव्यो से पूजन कर पंच परमेष्ठी का गुणगान करते हुए मंडल पर श्रीफलयुक्त 160अर्घ्य समर्पित किये। विधान पूजन कर अहिंसा धर्म का पालन कर विनय धारण करने का संदेश दिया। इससे पूर्व पं.आशीष जैन शास्त्री के मंत्रोचार के साथ पवन -ममता जैन श्रीमाल ने मंडल पर मुख्य मंगल कलश,सुनील-संगीता जैन व नीता जैन ने शांति कलश स्थापित किए। वहीं सात्विक जैन व सम्यक जैन ने मंगल दीपक की विधिवत स्थापना की गई। पूजन के दौरान गायक विनय पापड़ीवाल,अनीता जैन,सुनीता जैन व ऊषा जैन ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर पूजार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिससे जिनालय भक्ति के रंग से सराबोर हो गया। महाअर्घ्य समर्पण,शांतिपाठ व विसर्जन विधि के साथ संपन्न पूजनोपरांत राकेश जैन,नवल जैन व भव्य प्रकाश जैन के संयोजन नें पंच परमेषठी की आरती उतारी। इस अवसर पर स्थानीय सहित आस-पास एवं दूर-दराज के धर्मावलंबी काफी संख्या में मौजूद रहे।

### मेघवाल समाज के नर्सिंग ऑफिसर ने बिना दहेज के की शादी, समाज में पेश की मिसाल



**चमकता राजस्थान/ अनिल सैन/फलोदी।** मेघवाल समाज के नर्सिंग ऑफिसर श्री धनराज पवार (पुत्र स्व. श्री हरूराम जी) ने गुरुवार को ममता, पुत्री श्री नारायण लाल जी इणखिया (अखाधना) के साथ बिना दहेज के पूर्ण सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लिए। वर पक्ष द्वारा वधू पक्ष से किसी भी प्रकार का दहेज लेने से स्पष्ट रूप से इंकार कर समाज में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोग एवं दोनों पक्षों के रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वर पक्ष से तन्नूराम, नवलाराम, माणकराम, नारायणराम, जैनाराम, भीखाराम, धोकलराम, भूराराम, गंगाराम, पप्पूराम, पुखाराम, जगमालराम, सुरताराम, मुल्तानाराम, बाबूराम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वहीं वधू पक्ष से हरचंद राम, भग्गूराम, नारायणराम, पनजी, अणदाराम, औमाराम, प्रभूराम, मोहनराम सहित समाज के वरिष्ठ जनों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वर पक्ष के परिवार द्वारा डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्वास्थ्य एवं सेवा समिति, जोधपुर को 11,000 का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया। समाज के लोगों ने बिना दहेज विवाह को समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और युवाओं से इसे अपनाने की अपील की।

#### थाना गोटन की बड़ी कार्रवाई:,

### ऑपरेशन नीलकंठ के तहत 409.9 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा जब्त, कीमत लगभग 61.50 लाख रुपये

**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता रोड के निकटवर्ती थाना गोटन पुलिस ने ऑपरेशन नीलकंठ के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। दौराने गश्त सरहद गोटन क्षेत्र में पुलिस ने एक क्षतिग्रस्त पीकअप वाहन से भारी मात्रा में डोडा पोस्त चूरा बरामद किया। थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी, तभी एक संदिग्ध अवस्था में खड़ी क्षतिग्रस्त पीकअप वाहन पर संदेह हुआ। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें प्याज के कट्टों के नीचे छिपाकर रखा गया अवैध मादक पदार्थ मिला। पुलिस द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थ का कुल वजन 409.9 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा पाया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 61 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। इसके अतिरिक्त वाहन से अलग-अलग नंबरों की कई नम्बर प्लेटें भी बरामद की गई हैं, जो तस्करी के दौरान पहचान छुपाने के उद्देश्य से इस्तेमाल की जा रही थीं। परिवहन में प्रयुक्त उक्त पीकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर अज्ञात तस्करों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मादक पदार्थ कहां से लाया गया और इसे कहां पहुंचाया जाना था। थाना गोटन पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशे के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस द्वारा आगे भी सख्ती से कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

# मेढ़क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन जीर्णोद्धार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह

चमकता राजस्थान

**मनीष मेहता/जोधपुर।** सोजत सिटी में श्री मेढ़क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्थान का धार्मिक कार्यक्रम हुआ सम्पन्न ।
रामेश्वर सोनी ने बताया कि सोजत सिटी में श्री मेढ़क्षत्रिय समाज भवन के जीर्णोद्वार एवं मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन धूमधाम से हुआ सम्पन्न अध्यक्ष नारायण लाल अग्रोया ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम समाज भवन जीर्णोद्वार के उपलक्ष में हुआ, श्री गणेश जी, मां चामुंडा, श्री लक्ष्मी नारायण जी एवं श्री अजमीढ़ जी महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई ।
वही भवन जीर्णोद्वार पर शान्ति यज्ञ, गणपति पुजन, कलश शोभा यात्रा ढोल थाली, बैंड बाजा के साथ, अजमीढ़ जी महाराज के साथ ही,अनेक झांकियां सजाई गई, जो शोभा यात्रा में आकर्षण का केन्द्र बनी, शोभा यात्रा में पुरुष एवं महिलाए सजधज कर बड़ी खुशी और हर्ष उल्लास के साथ



नाचते हुए, मुख्य बाजार से शोभा यात्रा, विभिन्न मार्ग से होते हुए, समाज भवन पहुंचे, तो बीच रास्ते में जगह जगह पर, पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत सत्कार किया, वही माताओं बहनों ने जमकर नृत्य किया, और मंगल गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान आयोजन में, सुन्दर काण्ड पाठ, भजन संध्या, हवन यज्ञ, महिला मण्डल द्वारा, भव्य फाग महोत्सव मनाया, नव निर्माण भवन में, रुम, हॉल का भामाशाहों द्वारा, पुजा कर फीता काट कर उद्घाटन किया गया ।
वहीं मूर्ति स्थापना, शान्ति यज्ञ की पूर्ण आहूति, द्वार पर तोरण पुजन, ध्वजा रोहण, महाआरती, अल्पाहार, भोजन प्रसादी, महाप्रसादी, भामाशाओ एवं अतिथियो का स्वागत सत्कार, सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।
इस आयोजन में मुख्य अतिथि समाज के गौरव ठउइ जोनल डायरेक्टर, श्री घनश्याम कुकरा रहे, इस आयोजन में, मुंबई, महाराष्ट्र, जलगांव, औरंगाबाद, पाली, धाकड़ी, सोजत रोड़, विनावास, बिलाड़ा, पीपाड़ सिटी, शिवगंज सहित अनेक तहसील एवं जिलाभर से बड़ी संख्या में समाज बन्धुओ ने भाग लिया, अध्यक्ष एवं भामाशाहो, और पधारे हुए अतिथियो का माला, दुपट्टा, एवं साफा पहनाकर सम्मान स्वागत सत्कार किया गया ।
मैने जो देखा सोजत सिटी में तीन दिवसीय कार्यक्रम में ऐसा आयोजन पूरे राजस्थान में नहीं देखा, ऐसा आपसी प्रेम, प्यार, अपना पन, परिवार से बढ़कर कर देखा तो, मन को सुकून मिला ।
वहीं इस कार्यक्रम में अध्यक्ष कार्यकारिणी टीम, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समिति, एवं युवा मण्डल कार्यकारिणी टीम ने, कई दिनों से रात दिन एक करके, कार्यक्रम की रूपरेखा को अंजाम दिया, उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रयास देखने को मिला, इस कार्यक्रम में मंच संचालन प्रकाश चन्द्र धूपड ने किया, इस अवसर पर ठउइ जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि, समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त कर एक जुट होकर कार्य करने की आवशयकता है, और शिक्षा क्षेत्र कि ओर बढ़ावा देना चाहिए, वही प्रकाश धूपड ने व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की, जैसे धारा 317 के अंतर्गत बिना उचित जांच के केवल आरोप के आधार पर कार्यवाही नहीं होनी चाहिए, बल्कि निष्पक्ष जांच के बाद ही उचित कार्यवाही होनी चाहिए ।
इस आयोजन में समाज के आनन्द प्रकाश जांगलवा , शयाम लाल सहदेव, सुभाष चन्द तुणगर, राम चन्द्र मौसूण, नारायण लाल अग्रोया, दिनदयाल अडानिया, किशोर कुमार कड़ेल, नरेश कुमार कुकरा, दिनेश कुमार जांगलवा, कन्हैया लाल अडानिया, राजेन्द्र अग्रोया, राजमल अग्रोया, अशोक कुल्थिया, प्रकाश धूपड़, भाग चन्द जांगलवा, कन्हैया लाल जवड़ा, पारस मल अडानिया, दलपत राज जांगलवा, राम गोपाल रोड़ा, जगदीश चन्द्र जवड़ा, चन्द्र प्रकाश सहदेव, प्रकाश चन्द्र जांगलवा, कन्हैया लाल कड़ेल, ओम प्रकाश तोषावड़, सम्पत राज धूपड, नैनमल जांगलवा, महेन्द्र कुमार गढ़वाल, सुनील कुमार अग्रोया, सत्य नारायण खजवानिया सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।
वहीं इस कार्यक्रम में पाली जिला अध्यक्ष जवरीलाल कुकरा, मेलावास, पत्रकार रामरतन खजवानिया, पत्रकार राकेश अग्रोया, पत्रकार एवं भजन गायक रामेश्वर मौसूण, नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेश सोनी सोजत सिटी सहित अनेक गणमान्य सदस्य मौजुद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### शिव शक्ति विद्या मंदिर उ.मा. बायतु के दो विद्यार्थियों का JEE Mains 2026 में चयन

**चमकता राजस्थान/चिमु धतरवाल/बायतु।** शिव शक्ति विद्या मंदिर उ.मा. बायतु के दो विद्यार्थियों का JEE Mains 2026 में चयन हुआ। प्रधानाचार्य उदय सिंह चौधरी ने बताया कि प्रवीण धतरवाल पुत्र गोकलराम जोगासर व रविंद्र जाखड़ पुत्र करनाराम सेवनियाला का JEE Mains 2026 में चयन हुआ। रवि जाखड़ ने 98.66% तथा प्रवीण धतरवाल ने 98.00% प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले व गांव का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से परिवार,विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।विद्यार्थियों की इस सफलता में यह साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश में रहकर





भी कठिन परिश्रम, लगन और सही मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया। प्रधानाचार्य उदय सिंह चौधरी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### कूड़ा डंपिंग को लेकर ग्रामीणों में रोष एसडीएम को दिया ज्ञापन




**चमकता राजस्थान/डीग।** जिले के कामां उपखंड क्षेत्र के ग्रामीणों ने नगरपालिका द्वारा कूड़ा डंपिंग प्रस्ताव को निरस्त करने के मामले को लेकर कामां उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया है। जहां ज्ञापन में बताया कि कामां उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलग स्थित खसरा संख्या सरकारी भूमि जो की आबादी क्षेत्र एवं कृषि भूमि के समीप स्थित है पर नगरपालिका पार्षद द्वारा बड़ा कचरा डंपिंग स्थान बनाए जाने का प्रस्ताव किया गया है लेकिन उक्त भूमि पर बड़ा कचरा डंपिंग की जाने से गंभीर समस्याएं उत्पन्न होगी क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका रहेगी भूजल एवं स्त्रोतों को प्रदूषित होने की खतरा व आसपास कृषि भूमि फसलों को क्षति दुर्गंध एवं पर्यावरण प्रदूषण से आमजन का जीवन प्रभावित के साथ साथ बच्चों और बुजुर्गों एवं पशुओं को स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव जैसे बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा कूड़ा डंपिंग का यह प्रस्ताव पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं ठोस प्रावधान के नियमों के विपरीत प्रतीत है। जिसको लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया है जहां ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम वासियों की भावनावो को अनदेखी करते हुए प्रस्ताव आगे बढ़ाया गया तो सभी ग्रामीण वैधानिक एवं लोकतांत्रिक रूप से विरोध करेंगे।

### जहीन खान ने पहला रमजान रखा



**चमकता राजस्थान/बूंदी।** विकास नगर स्थित हाजी शाकीर खान की पोती जहीन खान ने पहला रमजान रखा 9 साल की उम्र में दादी जरीना परवीन और पापा जाकिर हुसैन, अम्मी जोया , चाचा गुड्डू , ने दुवाओं से नवाजा। जहीन ने सुबह उठकर सेहरी की साथ नमाज अदा की, दिन भर भूखे प्यास रहकर रोजे के बारे में जाना। मोहल्ले वासियो ने माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

लिसोड़ा के संरक्षण-संवर्धन में अग्रणी जिले के रूप में स्थापित हो रहा जयपुर

# जयपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण का पर्याय बन रहा लिसोड़ा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पंच गौरव योजना को मिली गति

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी पहल एवं पारदर्शी, परिणामोन्मुख शासन की प्रतिबद्धता के तहत राज्य में एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति अभियान को नई गति मिली है। इसी क्रम में जयपुर जिले में लिसोड़ा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु जिला प्रशासन द्वारा बहुआयामी एवं संरचित प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण का भी प्रभावी माध्यम बन रही है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में संचालित यह अभियान स्थानीय जैव-विविधता के संरक्षण, हरित आवरण विस्तार तथा आजीविका सृजन की दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर प्रथम श्रीमती विनीता सिंह ने बताया कि वन विभाग की नर्सरियों में अन्य पौधों के साथ 1 लाख 20 हजार लिसोड़ा पौधे तैयार कर जुलाई से सितम्बर 2025 के मध्य जिले में वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 485 पंचायत पौधशालाओं में भी






लिसोड़ा के पौधे विकसित कर रोपित किए गए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगरपरिषद एवं नगरपालिका क्षेत्र में 100-100 लिसोड़ा पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी उपखण्ड अधिकारियों से भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। जनभागीदारी को सुदृढ़ करते हुए वनस्पति प्रजाति एवं उपज संरक्षण-संवर्धन अभियान का शुभारम्भ किया गया, जिसके अंतर्गत 110.34 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर सघन पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर इन पौधों के विकास से पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन एवं स्थानीय आय में वृद्धि के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि पंच-गौरव योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 90 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस योजना के तहत संरक्षण, पौधरोपण एवं जागरूकता गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया जा रहा है। फ्लेक्स, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा विजुअल एड्स के माध्यम से आमजन को लिसोड़ा की उपयोगिता एवं महत्त्व से अवगत कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को अभियान से जोड़ने के लिए 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उन्हें लिसोड़ा आधारित उत्पादों के माध्यम से आजीविका के अवसर प्राप्त हों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। लिसोड़ा से बनने वाले उत्पादों एवं उपज को बाजार में लोकप्रिय बनाने हेतु प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, क्रेता-विक्रेता बैठकें एवं अन्य आयोजनों के लिए 10 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं, ताकि अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

वनस्पति एवं उसकी उपज के समग्र प्रमोशन के लिए जीआई टैगिंग, डाटा संकलन एवं कम्प्यूटरीकरण, ब्रांड बिल्डिंग, उत्पाद पैकेजिंग, रिटेल एवं ऑनलाइन प्रचार-प्रसार जैसी गतिविधियों हेतु 25 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। इससे लिसोड़ा को विशिष्ट पहचान मिलने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बाजार उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा।

डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि वन विभाग की नर्सरियों को सुदृढ़ बनाने के लिए नर्सरी निर्माण, वर्मीकम्पोस्ट बेड, फव्वारा प्रणाली, शेड नेट हाउस, मदर बेड, सीड स्टोर एवं फेंसिंग निर्माण जैसे कार्यों हेतु 40 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे गुणवत्तापूर्ण एवं स्वस्थ पौधे आमजन को उपलब्ध कराए जा सकें।

लिसोड़ा के सघन विकास से जिले में सतत विकास लक्ष्यों एवं हरित बजट की अवधारणा को साकार करने में सहायता मिलेगी। वन विभाग द्वारा कार्यशालाओं एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लिसोड़ा की औषधीय, पर्यावरणीय एवं आर्थिक उपयोगिता से आमजन को अवगत कराया जा रहा है।

कोरोना के बाद पहली बार गेहूं मिलने पर आंखों से झलकें खुशी के आंसू

## वंचित पात्र परिवारों के राशन कार्ड चालू कराने की निस्वार्थ पहल विष्णु सरगरा की, गरीब रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों ने किया भव्य स्वागत

चमकता राजस्थान

**मनीष मेहता/जोधपुर।** वंचित पात्र परिवारों के राशन कार्ड चालू कराने पर शुक्रवार को उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति के सदस्य विष्णु सरगरा का नवीं चौपासनी रोड़ स्थित उनके कार्यालय पर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को उनका हक दिलाना मेरा सर्व प्रथम मकसद है, जो सार्थक हुआ।

दरअसल प्रदेश की भजनलाल सरकार ने सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी की अनुशंसा पर 24 सितंबर 2024 को जोधपुर में तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान



आवंटन सलाहकार समिति में गैर सरकारी सदस्य के रूप में विष्णु सरगरा का मनोनयन किया, इस दौरान उन्होंने संकल्प किया कि मेरे अनुभव एवं योग्यता का लाभ खाद्य सुरक्षा योजना में अंतिम छोर के जरूरतमंदों को मिलेगा। राशन कार्ड चालू होने से असल जरूरतमंद तक सरकारी सहायता पहुंचेगी। पात्र परिवारों को हक दिलाना मेरा सौभाग्य है। सभी जरूरतमंद परिवारों की ओर से सरगरा ने प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, विधायक देवेंद्र जोशी व जिला रसद अधिकारी अंजुम ताहिर सहित रसद विभाग के समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंजू मेवाड़ा, युगल आसेरी, पिंटू सोढ़ा, चुन्नीलाल दया, परसराम, सीमा मेघवाल, कंचन, सोनू, संदिप, डोली चौहान, दिवक्ष, वरणसिह, ज्वाला सिंह आदि मौजूद रहे।

## अगर इखढ में हिम्मत है, तो भारत का अपमान करने वाले डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ़ आंदोलन करे : सुरेश चंद्र राजहंस

चमकता राजस्थान

अरविंद कोठारी। मुंबई। BJP ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुलजी गांधी को काले झंडे दिखाकर अपनी असली औकात दिखा दी है। वर राष्ट्रपती डोनाल्ड ट्रंप हर दिन भारत और भारत के प्रधानमंत्री का अपमान कर रहे हैं। लेकिन इखढ के एक भी नेता में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ़ एक शब्द कहने की हिम्मत नहीं है। मुंबई कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुरेश चंद्र राजहंस ने इखढ को चैलेंज किया है कि वे हर दिन भारत का अपमान करने वाले डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ़ कम से कम वर एम्बेसी के सामने आंदोलन करके हिम्मत दिखाएं। राहुल गांधी ने सो-कॉल्ड विश्व गुरु इखढ के चाणक्य और सभी



इखढ के बच्चों के पसीने छुड़ा दिए हैं। इखढ नेता के सपनों में भी राहुल गांधी दिखते हैं, वे राहुल गांधी से इतने डरे हुए है । इखढ की पूरी मशीनरी एक आदमी के खिलाफ़ काम कर रही है, उसे बदनाम करने के लिए करोड़ों रुपये के कैंपेन चलाए जा रहे हैं। दूसरे दिन एक पागल आदमी ने राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस के कार्यकर्ता ऐसी किसी भी धमकी पर ध्यान नहीं देते। गांधी परिवार ने देश के लिए कुर्बानी दी है। गांधी कभी ताकतवर अंग्रेजों के सामने नहीं झुके, वे इखढ के बच्चों के सामने क्यों झुकेंगे? इखढ ने राहुल गांधी के खिलाफ रैलियां निकालकर और काले झंडे दिखाकर अपनी औकात दिखा दी है। कांग्रेस के कार्यकर्ता इखढ के ऐसे किसी भी मूवमेंट का जवाब उसी तरह दे सकते हैं, लेकिन यह कांग्रेस का कल्चर नहीं है। कांग्रेस 'प्यार की दुकान' है और हमारे नेता राहुल गांधी ने सबको जोड़ने का मैसेज दिया है, बांटने का नहीं, ऐसा सुरेशचंद्र राजहंस ने भी कहा है।

एंकर निवेशक बोली जमा करने की तिथि - मंगलवार, 24 फरवरी, 2026

# ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव बुधवार, 25 फरवरी, 2026 को खुलेगा

चमकता राजस्थान

नयी दिल्ली। ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड (₹कंपनी₹) ने अपने 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों (इक्विटी शेयर) का प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (प्रस्ताव) बुधवार, 25 फरवरी, 2026 को खोलने का प्रस्ताव किया है। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्यदिवस पहले, यानी मंगलवार, 24 फरवरी, 2026 है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तिथि शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026 है।

प्रस्ताव का मूल्य बैंड 5 रुपये अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर 216 से 227 रुपये तक निर्धारित किया गया है। न्यूनतम 5 रुपये अंकित मूल्य के 66 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 5 रुपये अंकित मूल्य के 66 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती है।

इस प्रस्ताव में 4,180.00 मिलियन रुपये (418 करोड़ रुपये) तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों, उदयकुमार अरुणकुमार पारेख (₹प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक₹) द्वारा 1,650.00 मिलियन रुपये (165 करोड़ रुपये) तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए 5 रुपये अंकित मूल्य के अधिकतम इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है, जिनकी कुल राशि 10 मिलियन रुपये तक है (प्रस्ताव के बाद की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 5% तक)। (कर्मचारी आरक्षण भाग)।

कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 11 रुपये की छूट दी जा रही है।

कंपनी उच्च परिशुद्धता वाले इंजीनियर घटकों और असेंबली के प्रमुख निर्माताओं में से एक है, जो ऊर्जा, गति नियंत्रण और स्वचालन, औद्योगिक उपकरण प्रणाली, धातु निर्माण और अन्य विविध औद्योगिक अनुप्रयोगों जैसे उद्योगों में वैश्विक ग्राहकों को आपूर्ति करती है। 19 वर्षों के अनुभव के साथ, कंपनी उच्च परिशुद्धता वाले इंजीनियर घटकों और असेंबली का निर्माण करती है, जिनका उपयोग मुख्य रूप से सुरक्षा-महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में किया जाता है। आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, परिचालन से प्राप्त राजस्व के मामले में, यह कंपनी भारत में उच्च परिशुद्धता वाले इंजीनियर घटकों और असेंबली के सबसे तेजी से बढ़ते निर्माताओं में से एक है, जिसने वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 के बीच 92.45% की वृद्धि और वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2025 के बीच 39.06% की सीएजीआर दर्ज की है। 30 सितंबर, 2025 को

- **ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड (कंपनी) के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक 5 रुपये के इक्विटी शेयर के लिए मूल्य सीमा 216 से 227 रुपये तक निर्धारित की गई है।**
- **बोली/प्रस्ताव खोलने की तिथि झ बुधवार, 25 फरवरी, 2026 और बोली/प्रस्ताव बंद करने की तिथि झ शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026**
- **न्यूनतम 66 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 66 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है।**
- **कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 11 रुपये की छूट दी जा रही है।**
- **रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (“आरएचपी”) लिंकः https://s3.ap-south-1.amazonaws.com/cms.equirus.tech/Omnitech_Engineering_Limited_Red_Herring_Prospectus_1fcf868f96.pdf**

समाप्त छह महीनों के दौरान और वित्त वर्ष 2025, 2024 और 2023 में, कंपनी ने संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, बुल्गारिया, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित 24 देशों में 256 से अधिक ग्राहकों को अनुकूलित उच्च परिशुद्धता वाले इंजीनियर घटक और असेंबली की आपूर्ति की।

यह प्रस्ताव प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियम, 1957 (एससीआरआर) के नियम 19(2)( ) के अनुसार, सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 31 के साथ पढ़ा जाए, बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। यह प्रस्ताव सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 6(1) के अनुसार, बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध प्रस्ताव का 50% से अधिक हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी₹) को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध नहीं होगा (इस हिस्से को क्यूआईबी हिस्सा कहा जाएगा), बशर्ते कि हमारी कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार विवेकाधीन आधार पर क्यूआईबी हिस्से का 60% तक एंकर निवेशकों को आवंटित कर सकती है (एंकर निवेशक हिस्सा) । एंकर निवेशक हिस्से का 40% हिस्सा निम्नानुसार आरक्षित होगाः ( ) 33.33% घरेलू म्यूचुअल फंडों के लिए आरक्षित होगा; और ( ) 6.67% हिस्सा बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के तहत भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण के साथ पंजीकृत जीवन बीमा कंपनियों और पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण के साथ पंजीकृत पेंशन निधियों के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि उनसे एंकर निवेशक आवंटन मूल्य पर या उससे अधिक वैध बोलियां प्राप्त हों। जीवन बीमा कंपनियों और पेंशन निधियों के लिए आरक्षित श्रेणी में किसी भी प्रकार की कम सदस्यता होने पर, उसे घरेलू म्यूचुअल फंडों को आवंटित किया जा सकता है। एंकर निवेशक हिस्से में कम सदस्यता या आवंटन न होने की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयर क्यूआईबी हिस्से (एंकर निवेशक हिस्से के अलावा) में जोड़ दिए जाएंगे (शुद्ध क्यूआईबी हिस्सा)। इसके अतिरिक्त, शुद्ध क्यूआईबी हिस्से का 5% हिस्सा केवल म्यूचुअल फंडों को आनुपातिक आधार पर आवंटित किया जाएगा, और शेष शुद्ध क्यूआईबी हिस्सा सभी क्यूआईबी (एंकर निवेशकों के अलावा), जिनमें म्यूचुअल फंड भी शामिल हैं, को आनुपातिक आधार पर आवंटित किया जाएगा, बशर्ते कि वैध बोलियां पेशकश मूल्य पर या उससे अधिक प्राप्त हों। हालांकि, यदि म्यूचुअल फंडों से कुल मांग शुद्ध क्यूआईबी हिस्से के 5% से कम है, तो म्यूचुअल फंड हिस्से में आवंटन के लिए उपलब्ध शेष इक्विटी शेयरों को सभी क्यूआईबी को आनुपातिक आवंटन के लिए शेष शुद्ध क्यूआईबी हिस्से में जोड़ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शुद्ध पेशकश का कम से कम 15% हिस्सा गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) (गैर-संस्थागत श्रेणी) को आनुपातिक आधार पर आवंटित किया जाएगा, जिसमें से (क) गैर-संस्थागत श्रेणी का एक तिहाई हिस्सा उन बोलीदाताओं को आवंटित किया जाएगा जिनकी बोली का आकार 0.2 मिलियन रुपये से अधिक और 1 मिलियन रुपये तक है; और (ख) गैर-संस्थागत श्रेणी का दो-तिहाई हिस्सा 1.00 मिलियन रुपये से अधिक की बोली लगाने वाले बोलीदाताओं को आवंटित किया जाएगा, और गैर-संस्थागत श्रेणी की इन दो उप-श्रेणियों में से किसी में भी कम सदस्यता होने पर, गैर-संस्थागत श्रेणी की दूसरी उप-श्रेणी के बोलीदाताओं को सेबी विनियमों के अनुसार आवंटित किया जा सकता है, बशर्ते कि उनसे प्रस्ताव मूल्य पर या उससे अधिक की वैध बोलियाँ प्राप्त हों। इसके अतिरिक्त, शुद्ध प्रस्ताव का कम से कम 35% हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) (खुदरा श्रेणी) को सेबी विनियमों के अनुसार आवंटित किया जाएगा, बशर्ते कि प्रस्ताव मूल्य पर या उससे अधिक की वैध बोलियाँ प्राप्त हों। इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए 5 अंकित मूल्य के अधिकतम इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है, जिनकी कुल राशि 10 मिलियन रुपये तक है (जो प्रस्ताव के बाद की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 5% तक है)। (कर्मचारी आरक्षण भाग)। इसके अतिरिक्त, कर्मचारी आरक्षण भाग के तहत आवेदन करने वाले पात्र कर्मचारियों को उनके द्वारा प्रस्ताव मूल्य पर या उससे अधिक की वैध बोलियां प्राप्त होने पर आनुपातिक आधार पर इक्विटी शेयर आवंटित किए जाएंगे।

सभी बोलीदाताओं (एंकर निवेशकों को छोड़कर) को इस प्रस्ताव में केवल ब्लॉक की गई राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए) प्रक्रिया के माध्यम से भाग लेना अनिवार्य है और उन्हें अपने संबंधित बैंक खाते का विवरण (यूपीआई बोलीदाताओं के मामले में यूपीआई आईडी (जिसे आगे परिभाषित किया गया है) सहित) प्रदान करना होगा, जिसमें संबंधित बोली राशि स्व-प्रमाणित सिंडिकेट बैंकों या प्रायोजक बैंक(ओं) द्वारा, जैसा भी मामला हो, ब्लॉक की जाएगी। एंकर निवेशकों को एएसबीए प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्ताव में भाग लेने की अनुमति नहीं है।

कंपनी के इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर सूचीबद्ध होने का प्रस्ताव है।

इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं।

यहां परिभाषित नहीं किए गए सभी बड़े अक्षरों वाले शब्दों का वही अर्थ होगा जो उन्हें आरएचपी में दिया गया है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दी विस्तृत जानकारी

# अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, विशेष पुनरीक्षण के बाद 2.34 प्रतिशत वृद्धि, जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9,94,525

चमकता राजस्थान

**राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम- 2026 के अंतर्गत जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार को किया गया। इस संबंध में जानकारी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया था। इसके तहत 4 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना कार्य पूर्ण करने के बाद 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी, जिसमें जिले में कुल 9,71,777 मतदाता दर्ज थे। प्रारूप प्रकाशन के समय विधानसभा क्षेत्रवार गंगापुर में 2,50,299, बामनवास में 2,36,272, सवाई माधोपुर में 2,39,183 तथा खण्डार में 2,46,023 मतदाता शामिल थे।



उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की गईं। इस दौरान जिले में कुल 22,172 फार्म-6, 4,313 फार्म-7 तथा 11,153 फार्म-8 प्राप्त हुए, जिनका निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नियमानुसार निस्तारण किया गया। इसके उपरांत आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई।

अंतिम सूची के अनुसार जिले में कुल 9,94,525 मतदाता हैं, जिनमें 5,33,208 पुरुष, 4,61,311 महिला तथा 6 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। प्रारूप सूची की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 2.34 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। विधानसभा क्षेत्रवार गंगापुर में 2,55,967, बामनवास में 2,42,113, सवाई माधोपुर में 2,45,048 तथा खण्डार में 2,51,397 मतदाता दर्ज किए गए हैं।

बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चारों विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची-2026 की एक हार्ड कॉपी एवं एक फोटोरहित सॉफ्ट कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। मतदाता सूची निर्वाचन विभाग राजस्थान की वेबसाइट https://election.rajasthan.gov.in और https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है, जहां कोई भी मतदाता ईपिक सर्च के माध्यम से अपना नाम देख सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना अथवा संशोधन एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए फार्म-6, 7 एवं 8 ईसीआईनेट एप, वोटर पोर्टल https://voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन अथवा संबंधित बीएलओ के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। किसी प्रविष्टि के संबंध में असंतोष होने पर अंतिम प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष तथा उसके बाद जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट होने पर 30 दिवस के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के समक्ष द्वितीय अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। भाजपा से सुरेश चंद्र जैन एवं हरिओम गर्ग, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से घनश्याम मीणा, राजेश पहाड़िया, पवन बडगोत्या एवं अजय शर्मा, सीपीएम से रामगोपाल गुणसरिया एवं रईस अहमद अंसारी तथा आम आदमी पार्टी से बत्तीलाल एवं प्रेमराज मीणा सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बूंदी किडजी ग्लोबल पब्लिक स्कूल प्रोपेल के सहयोग से लर्नर-लेड कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया

- कक्षा 1 से 4 तक के छात्रों ने उनकी पाठ्य पुस्तक के विभिन्न बिंदुओं को
- विभिन्न श्रव्य दृश्य साधनों के द्वारा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया।




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** चार्ट ,स्मार्ट बोर्ड, टी वी, टैब एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विषय वस्तु को आकर्षक रूप में अभिभावकों के सामने प्रस्तुत किया । अभिभावकों ने भी छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उल्लास के साथ में उत्तर देखकर कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की एवं कहा इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। जिससे छात्रों का आत्मविश्वास बढे एवं उन्हें अभिव्यक्ति के लिए अधिक अवसर प्राप्त हो सके। प्रोपेल की निकिता जायसवाल ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रधानाध्यापिका ज्योत्सना खत्री ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा समय समय पर छात्रों की सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधिया करवाई जाती हैं। स्कूल की संचालिका डॉ हीना आगवन ने छात्रों द्वारा आत्मविश्वास के साथ प्रमुख अवधारणाओं की प्रस्तुति देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की समझ और प्रस्तुति कौशल को प्रभावी रूप से सामने लाया है। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों के लिए अत्यंत लाभदायक बताया।

### वन विभागा द्वारा घर खाली करने की नोटिस पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा लोगो को राहत




**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** हाल ही में वन विभागा ने ठाणे महानगर पालिका के प्रभाग 15 और 17 के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोगों को बिना इजाज़त वाला बताते हुए नोटिस जारी किए थे। इसी बैकग्राउंड में, शिवसेना विभाग प्रमुख और पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की। इस मौके पर भोईर ने संबंधित मामले को डिटेल में बताया और एक लिखित बयान के ज़रिए लोगों की समस्याओं और भावनाओं को बताया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री को ध्यान दिलाया कि अचानक आए नोटिस से लोगों में डर का माहौल बन गया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मामले को गंभीरता से सुना और साफ तौर पर राहत दी कि फिलहाल किसी भी घर के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बारे में जल्द ही एक सकारात्मक और ठोस फैसला सुनाया जाएगा। एकनाथ भोईर ने कहा कि हम हमेशा आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध हैं और जब तक इंसाफ नहीं मिल जाता, हमारी कोशिशें बिना रुके जारी रहेंगी उस वक्त उनके साथ पूर्व परिवहन सभापती दशरथ यादव और बड़ी संख्या में शिवसेना पदाधिकारी मौजूद थे।

## जेडीए की सख्त कार्रवाई

# 9 अवैध डूप्लेक्स और हिल पैराडाइज मैरिज गार्डन सील, कई कॉलोनियां ध्वस्त

### महानिरीक्षक जविप्रा राहुल कोटोकी का उचित निर्देशन और मजबूत हौसला पड़ रहा अवैध निर्माणों अवैध, कॉलोनियों पर भारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर,(खलील कुरैशी) 21 फरवरी।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए विभिन्न जोनों में निर्णायक कार्रवाई की।जोन-07 में निवारू रोड स्थित 9 अवैध निर्माणाधीन डूप्लेक्सों को जेडीए एक्ट की धाराओं के तहत नोटिस के बाद पुख्ता रूप से सील किया गया।जोन-02 में दिल्ली रोड, आमेर कुंडा चेक पोस्ट के पास बिना स्वीकृति संचालित हिल पैराडाइज मैरिज गार्डन को गेट बंद कर सील किया गया। जोन-12 में पिण्डोलाई व हाथोज क्षेत्र में करीब 6 बीघा कृषि भूमि




पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी तथा 4 निर्माणाधीन दुकानों को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त किया गया।जोन-24 में दामोदरपुरा क्षेत्र में लगभग 15 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह हटाया गया।जोन-10 में नटाटा क्षेत्र में पूर्व में ध्वस्त कॉलोनी को पुनः बसाने के प्रयास को भी जेसीबी से नाकाम किया गया।महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में प्रवर्तन, राजस्व व तकनीकी टीमों की संयुक्त भागीदारी रही। जेडीए ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण और कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित सरस राजसखी मेले का भव्य शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण/धौलपुर।** धौलपुर, 21 फरवरी। राजीविका एवं जिला प्रशासन धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ''सरस राजसखी मेला'' का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन हुआ। मेले में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिन पर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने हस्तनिर्मित उत्पादों—हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र, सजावटी सामग्री एवं खाद्य उत्पाद—का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रही हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजवीर सिंह राजावत, भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, सीईओ जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ एवं एसीईओ जिला परिषद बी.आर. जाट सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मेले में प्रतिदिन सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। आयोजकों ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित मेले में पहुंचकर महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को खरीदकर उनका उत्साहवर्धन करें। यह मेला नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मेला 21 से 27 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम बड़ी फील्ड, धौलपुर में आयोजित किया जा रहा है। नागरिकों से इसे सफल बनाने का आह्वान किया गया है।

## एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन और थानाधिकारी चंद्रभान के नेतृत्व में पिलानी ने पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- **रोहित गोदारा गैंग का तीसरा गुर्गा गिरफ्तार, कॉलेज संचालक से मांगी थी 2 करोड़ की फिरौती**

**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 21 फरवरी।** झुंझुनू जिले की पिलानी थाना पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए कुख्यात रोहित गोदारा गैंग के तीसरे सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एक कॉलेज संचालक को जान से मारने की धमकी देकर 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी।इस प्रकरण में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

- **विदेशी नंबरों से धमकी, वॉइस रिकॉर्डिंग भेजकर मांगी फिरौती**

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि घटना 14 सितंबर 2025 की है। परिवादी संजीव कुमार के मोबाइल पर विदेशी नंबरों से लगातार कॉल आने लगे। प्रारंभ में अनजान नंबर समझकर कॉल रिसीव नहीं किए गए, लेकिन 24 सितंबर को कॉल उठाने पर कॉलर ने स्वयं को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताया।इसके बाद व्हाट्सएप पर वॉइस रिकॉर्डिंग भेजकर 2 करोड़ रुपये की मांग की गई। बदमाशों ने चैट के माध्यम से धमकी दी कि यदि रकम नहीं दी गई तो परिवादी और उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा।

- **तकनीकी साक्ष्यों से खुला नेटवर्क, तीन आरोपी गिरफ्तार**

एसपी उपाध्याय के निर्देशन और पिलानी थानाधिकारी चंद्रभान के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मामले की गहन जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया जानकारी के आधार पर पहले विकास उर्फ दुबे और अजय उर्फ पहलवान को गिरफ्तार किया गया।दोनों से पूछताछ के दौरान तीसरे आरोपी ललित उर्फ लिता (28) पुत्र जसवंत निवासी स्वामी सेही का नाम सामने आया। आरोपी पहले से ही अन्य मामलों में झुंझुनू जेल में बंद था। पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर इस मामले में गिरफ्तार किया।

- **हिस्ट्रीशीटर प्रवृत्ति का अपराधी, 11 मामले दर्ज**

गिरफ्तार आरोपी ललित उर्फ लिता एक हिस्ट्रीशीटर प्रवृत्ति का अपराधी है। उसके खिलाफ झुंझुनू और हरियाणा के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, अपहरण व फिरौती, आर्म्स एक्ट तथा मारपीट सहित कुल 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस अब आरोपी से गैंग के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

- **इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका पुलिस का स्पष्ट संदेश**

इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी चंद्रभान, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल जयपाल सिंह और कांस्टेबल धर्मवीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आपको बता दें कि पुलिस ने स्पष्ट संदेश देते पिलानी पुलिस की इस कार्रवाई से संगठित अपराध में लिप्त गिरोहों को कड़ा संदेश गया है कि कानून से बचना संभव नहीं है और अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जाएगा।

## राजस्थान लेखिका साहित्य संस्थान के 37वें स्थापना वर्ष पर सम्मान एवं विमोचन समारोह सम्पन्न

# महिला लेखन नए संकल्प और विश्वास के साथ अग्रसर : फारूक आफरीदी

चमकता राजस्थान

जयपुर(खलील कुरैशी) 21 फरवरी। राजस्थान का महिला लेखन आज नए आत्मविश्वास, सशक्त संकल्प और रचनात्मक ऊर्जा के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति सृजन की मूल प्रेरणा है, जो संघर्षों से तपकर और अधिक प्रखर बनती है। यह विचार वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने राजस्थान लेखिका साहित्य संस्थान के 37वें स्थापना वर्ष पर आयोजित सम्मान समारोह एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।आफरीदी ने कहा कि राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर सशक्त पहचान स्थापित करने के लिए महिला लेखकों को साहित्य की सभी विधाओं में दक्षता प्राप्त करनी होगी। स्त्री-पुरुष लेखन के परंपरागत विभाजन को तोड़ते हुए सभी महिला लेखक संगठनों को एक मंच पर आकर सृजनात्मक आंदोलन को नई गति देनी चाहिए।



- **पुस्तकों का विमोचन एवं सम्मान**

इस अवसर पर डॉ. रेखा गुप्ता द्वारा संपादित पुस्तक 'हौसलों की उड़ान' सहित आभा सिंह और सुशीला शर्मा की कृतियों का विमोचन किया गया।

- **समारोह में विभिन्न साहित्यकारों को सम्मानित किया गया–**

वाग्मणि सम्मान : डॉ. मंजु चतुर्वेदी कर्मश्री सम्मान : डॉ. आरती भदोरिया वेणु सम्मान : आभा सिंह नलिनी उपाध्याय सम्मान : शशि सक्सेना एवं डॉ. सुमन मेहरोत्राः कवयित्री सुषमा चौहान 'किरण' संस्था के प्रबंध निदेशक सुधीर उपाध्याय, डॉ. जयश्री शर्मा, डॉ. रेखा गुप्ता, रेनू 'शब्दमुखर' एवं डॉ. सुषमा शर्मा ने शॉल, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानितों का अभिनंदन किया।

- **महिला लेखन नई चेतना का प्रतीक**

मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध साहित्यकार नीलिमा टिक्कू ने कहा कि प्रदेश में महिला लेखन को प्रोत्साहन देने हेतु ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संघर्षों के बीच विकसित महिला लेखन नई चेतना और सशक्त आयाम स्थापित कर रहा है। संस्थान की मजबूत नींव और निरंतर सक्रियता उसकी विशिष्ट पहचान है।विशिष्ट अतिथि डॉ. शारदा कृष्ण ने राजस्थानी भाषा और साहित्य के संवर्धन पर बल दिया। सारस्वत अतिथि डॉ. रमा सिंह ने स्त्री लेखन को समाज परिवर्तन की प्रभावी धुरी बताते हुए आलोचना और शोध की दिशा में गंभीर प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

- **37 वर्षों की गौरवगाथा**

संस्थान की अध्यक्ष डॉ. जयश्री शर्मा ने संस्थान की 37 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा का उल्लेख करते हुएसंस्थापिका नलिनी उपाध्याय के योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह मंच आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेखिकाओं की सशक्त पहचान स्थापित कर चुका है।

- **नई पहल की घोषणा**

संस्थान की सचिव डॉ. सुषमा शर्मा ने वर्ष 2027 से दो बाल साहित्य पुरस्कार प्रारंभ करने की घोषणा की। उपाध्यक्ष डॉ. कंचना सक्सेना ने आलोचना विधा में एक नए पुरस्कार की शुरुआत करने की घोषणा की कार्यक्रम का संचालन सहसचिव रेनू 'शब्दमुखर' ने किया। समारोह महिला लेखन की सशक्त उपस्थिति, साहित्यिक प्रतिबद्धता और सृजनात्मक ऊर्जा का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा।

# गोपाल कृष्ण गोखले



## गांधी जी का 'पोलिटिकल मेंटर'

आज़ादी के बाद की भारतीय राजनीति अपनी जड़ों पर लौटकर देखती है तो उसके सामने आमतौर पर बड़े और जोरदार नाम आते हैं झ्र तिलक, गांधी, नेहरू, भगत सिंह, सुभाष। इस भीड़ में एक चेहरा अपेक्षाकृत शांत है, लेकिन अगर आप औपनिवेशिक काउंसिल के अभिलेख, कांग्रेस के शुरुआती अधिवेशन और सर्वेंट ऑफ इंडिया सोसाइटी के दस्तावेज़ खोलकर देखें, तो बारझ्रबार वही नाम सामने आता हैः गोपाल कृष्ण गोखले। 9 मई 1866 को रत्नागिरि ज़िले के कोटलुक गाँव में जन्मे गोखले का जीवन उस पीढ़ी का प्रतिनिधि है, जिसने अंग्रेज़ी शिक्षा, आधुनिक अर्थशास्त्र और संसदीय परंपरा को भीतर से समझकर भारतीय राष्ट्रवाद की भाषा गढ़ी। गरीब ब्राह्मण परिवार, सीमित साधन, लेकिन पढ़ने का गहरा आग्रह। फ़र्ग्यूसन कॉलेज, पुणे में पढ़ाई, वहीं से अध्यापन, और यहीं से महादेव गोविंद रानाडे के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में प्रवेश



1889 में बंबई अधिवेशन से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ उनकी सक्रिय भूमिका शुरू होती है। वे एक तरफ़ ब्रिटिश संसदीय परंपरा, बजटझ्रबहसों और जवाबदेही की भाषा को समझते हैं, दूसरी तरफ़ भारतीय समाज की गरीबी, करझ्रभार, भुखमरी और राजनीतिक अपमान को बेहद तीखे, लेकिन संयत शब्दों में इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में रखते हैं। 1899झ्र1902 के बीच बॉम्बे लेजिस्लेटिव काउंसिल और 1902 से इम्पीरियल काउंसिल में वे खेती, भूझ्रराजस्व, सिंचाई, सैनिक व्यय, अकालझ्रनीति और ग़रीब भारतीय करदाताओं की स्थिति पर लम्बेझ्रलम्बे भाषण देते हैं। उनका तरीका यह नहीं कि मंच से 'ब्रिटिश हटा दो' का नारा दें; वे ब्रिटिश लॉजिक के भीतर रहकर, आँकड़ों और अर्थशास्त्र के ज़रिए दिखाते हैं कि कैसे भारत से निकाला गया धन साम्राज्य के सैन्यझ्र विस्तार और विलासिता में लग रहा है, जबकि यहाँ के गाँव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। 1911 में उन्होंने अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के लिए जो बिल पेश किया, वह आज़ादी से बहुत पहले सर्वझ्र शिक्षा के विचार की मजबूत प्रस्तावना था, भले ही उसे तत्कालीन औपनिवेशिक सत्ता ने आधाझ्रअधूरा ही स्वीकार किया। कांग्रेस के भीतर भी वे सिर्फ़ 'एडजस्ट करने वाले' नेता नहीं थे। बनारस (1905) और कलकत्ता (1906) के अधिवेशनों में स्वशासन की माँग को स्पष्ट रूप से रखवाने में उनकी भूमिका रही, और सूरत (1907) तक आतेझ्रआते वही राजनीतिक रेखा तिलकझ्रसमूह से टकराती दिखी। सूरत का 'स्प्लिट' केवल व्यक्तिगत संघर्ष नहीं था;

यह इस मूल प्रश्न पर मतभेद था कि आज़ादी की तरफ़ बढ़ने का रास्ता कैसे बनेगा क्रमिक संवैधानिक सुधारों के ज़रिए या तत्काल उग्र टकराव से। 1905 में पुणे में उन्होंने सर्वेंट ऑफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना की। यह कोई सामान्य संस्था नहीं थी, बल्कि एक तरह का 'राष्ट्रीय सेवा विद्यालय' था, जिसमें प्रवेश लेने वाला व्यक्ति यह प्रतिज्ञा करता था कि वह अपने जीवन को राष्ट्रीय सेवा के लिए समर्पित करेगा, सादा जीवन जिएगा और सीमित निजी आय में संतोष रखेगा।

समाज का उद्देश्य केवल राजनीतिक प्रचार नहीं था। वह प्राथमिक शिक्षा, समाजझ्र सुधार, स्त्रीझ्रशिक्षा, अस्पृश्यताझ्रउन्मूलन, ग्रामझ्रकार्य और राजनीतिक जागरूकता इन सबको राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का हिस्सा मानता था। गोखले की कल्पना यह थी कि भारत को केवल राजनीतिक नेतृत्व नहीं, जिम्मेवार, प्रशिक्षित और नैतिकताझ्रआधारित सार्वजनिक कार्यकर्ताओं की जरूरत है, जो सत्ता से ज़्यादा सेवा की भाषा समझें। यहाँ उनकी सोच 'आजाद भारत' की दिशा में साफ़ दिखाई देती है। उनके लेखों और भाषणों में बारझ्रबार यह बात मिलती है कि स्वशासन केवल अंग्रेज़ों के जाने से नहीं आएगा, बल्कि भारतीय समाज की अपनी तैयारी से आएगा; सर्वेंट ऑफ इंडिया सोसाइटी उसी तैयारी का एक संस्थागत रूप था।

दक्षिण अफ्रीका से लौटते समय गांधी जब भारत के राजनीतिक परिदृश्य को समझना चाहते हैं, तो वे गोखले से मिलते हैं। 1912 में गांधी ने उन्हें अपना 'पोलिटिकल मेंटर' कहा और उनके आग्रह पर एक वर्ष तक भारत के विभिन्न हिस्सों बंगाल, बिहार, उत्तर भारत, मद्रास, बॉम्बे प्रेसीडेंसी की यात्रा कर वास्तविक स्थितियों को समझा। गोखले गांधी से कहते हैं कि भारत की राजनीति पर बोलने से पहले भारत की गरीबी, जातिझ्रढाँचे, गाँवों और कामगारों को अपनी आँखों से देखना ज़रूरी है। यह सुझाव केवल तकनीकी सलाह नहीं, लोकतांत्रिक नैतिकता का हिस्सा था जनता के नाम पर बोलने से पहले जनता को जानो। गांधी की बाद की राजनीति में यह बुनियादी स्वभाव पहले यात्रा, फिर आंदोलन साफ़ दिखाई देता है। गोखले 1915 में ही चल बसे, इसलिए वे 1919 के जलियांवाला बाग से लेकर 1920झ्र22 के असहयोग, 1930 के सविनय अवज्ञा या 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन को नहीं देख पाए। लेकिन गांधी के ऊपर उनका प्रभाव इतना व्यापक था कि बाद की बहुतझ्रसी 'कट्टर' रणनीतियों के बीच भी गांधी के भीतर एक संवैधानिक, तर्कशील और नैतिक धारा लगातार बनी रही। वे ब्रिटिश से केवल समझौता करने वाले नहीं थे; वे ब्रिटिश राज्य के तर्क, बजट और नैतिकता को उसी मंच पर चुनौती देने वाले नेता थे, जिसे साम्राज्य ने अपने अधिकार का मंच माना था। वे हिंसक टकराव से बचते हैं, लेकिन टकराव से बचने के लिए नहीं, बल्कि इस विश्वास से कि भारत को लंबे समय तक लोकतांत्रिक संस्थाओं, बहस और संवैधानिकता की आदत डालनी होगी।







## इंडिया के लिए बड़ी राहत

# भारत पर अमेरिकी टैरिफ दर 18 से घटकर 10 प्रतिशत हुई

वाशिंगटन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया के तमाम देशों के खिलाफ लगाए गए टैरिफ को अवैध करार दिया है. इसके बाद भारत को भी बड़ी राहत मिली है. इस टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अन्य नियम के तहत तमाम देशों पर 10 फीसदी टैरिफ की घोषणा की. ऐसे में यह सवाल उठ रहा था कि भारत जैसे देश जो अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर सहमति बना चुके हैं, उनके प्रोडक्ट को इस नए टैरिफ में जगह मिलेगी या नहीं. लेकिन, कुछ ही देर बाद अमेरिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ट्रेड डील कर चुके या इस पर सहमति बना चुके तमाम देशों पर भी अब एक समान 10 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा. इससे पहले ट्रेड डील के तहत भारतीय प्रोडक्ट पर अमेरिका ने 18 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही थी.

व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने हमारी सहयोगी बिजनेस न्यूज टीबी चैनल 'सीएनबीसी' को स्पष्ट किया कि भारत पर टैरिफ दर 18 से घटकर 10 फीसदी हो गई है. यह ट्रंप के नए 10 फीसदी वैश्विक टैरिफ की व्याख्या करता है. सीएनबीसी के संवाददाता एमॉन जावेर्स ने भारत समेत तमाम ट्रेड डील वाले देशों का 10 फीसदी टैरिफ पर विवरण दिया है.

### वियतनाम को सबसे ज्यादा फायदा

ट्रेड डील के तहत अमेरिका ने यूरोपीय संघ पर 15 फीसदी, जापान पर 15 फीसदी, ब्रिटेन पर 10 फीसदी और भारत पर 18 फीसदी टैरिफ लगाया था. स्विट्जरलैंड पर 15 फीसदी, दक्षिण कोरिया पर 15 फीसदी और वियतनाम पर 20 फीसदी टैरिफ की बात कही गई थी. इन सभी देशों या संघों के साथ अमेरिका ने ट्रेड डील कर ली है या फिर डील पर सहमति बन गई है. लेकिन, अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नए आदेश में सभी देशों पर 10 फीसदी टैरिफ की बात कही है. ऐसे में इस आदेश का सबसे ज्यादा फायदा वियतनाम को मिलने वाला है जिसको 20 फीसदी टैरिफ देना था. भारत के प्रोडक्ट्स के खिलाफ टैरिफ 18 से घटकर 10 फीसदी पर आ गया है.

हालांकि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिप्पणी के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि भारत के साथ ट्रेड डील है और उसके प्रोडक्ट पर 18 फीसदी टैरिफ लगता रहेगा. लेकिन, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 10 फीसदी टैरिफ वाला नया आदेश सभी देशों पर लागू होगा. इसमें वे देश भी शामिल हैं जिनके साथ हमारा ट्रेड डील है. डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के फैसले को अवैध करार दिए जाने के बाद अमेरिका में हलचल तेज है. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से पूरी दुनिया के कारोबार जगह में उथल-पुथल मच गया है. पूरी रात अमेरिका से डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर रिएक्शन आते रहे.




## पाकिस्तानी सीमा में गुपचुप छुपा था ईरानी टैंकर, भारत में हुई एंट्री तो कोस्टगार्ड ने पकड़ ली चालाकी

नयी दिल्ली/एजेंसी

भारतीय तटरक्षक बल ने 6 फरवरी को भारत के पश्चिमी तट के पास ईरान से जुड़े जिन तीन प्रतिबंधित तेल टैंकरों को जब्त किया, उनमें से एक जहाज के बारे में बड़ा खुलासा हुआ है. दर्ज एफआईआर के अनुसार, इन टैंकरों में से एक जहाज एमटी एस्फाल्ट स्टार कई दिनों तक पाकिस्तान के समुद्री क्षेत्र में अपनी ट्रैकिंग सिस्टम बंद रखे हुए था.

जब्त किए गए तीन जहाजों के नाम टळ अरस्त्रॅ'३ रइ१, टळ रइी''१ फ्ळु८ और टळ अ' खांश्र हैं. इन पर ईरान से जुड़े तेल की तस्करी और अवैध गतिविधियों का आरोप है. भारतीय तटरक्षक ने 4-5 फरवरी को इन जहाजों की संदिग्ध शिप-टू-शिप ट्रांसफर गतिविधियों का पता लगाया और उन्हें मुंबई लाकर जांच के लिए रखा. कुल 55 क्रू मेंबर्स इन जहाजों पर सवार थे.

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 फरवरी को येलो गेट पुलिस स्टेशन में तटरक्षक कमांडेंट अनिरुद्ध धर्मपाल दबाश की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई. इसमें नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिसमें तीनों जहाजों के मालिक अबू धाबी (यूएई) स्थित भारतीय नागरिक जोगिंदर सिंह बरार शामिल हैं. एस्फाल्ट स्टार के कप्तान श्याम बहादुर चौहान और एक क्रू मेंबर को तेल तस्करी तथा जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.

एफआईआर के अनुसार, एमटी एस्फाल्ट स्टार के इलेक्ट्रॉनिक चार्ट डिस्प्ले एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम (एउउक्र) डेटा की जांच में पाया गया कि 20 जनवरी से 28 जनवरी तक यह जहाज पाकिस्तान की विशेष आर्थिक क्षेत्र (एऐ) में प्रवेश कर गया था. 28 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे जहाज ने अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम, वेरी हाई फ्रीक्वेंसी और सभी सेंसर बंद कर दिए, जिससे उसकी पहचान छिपाई गई और संदिग्ध गतिविधियां की गईं. कप्तान ने पूछताछ में कहा कि जहाज का वॉयेज डेटा रिकॉर्डर सिस्टम खराब हो गया था.

तीनों जहाजों ने अक्र स्पूफिंग (झूठी लोकेशन दिखाना) और फर्जी पहचान डेटा का इस्तेमाल करके जांच से बचने की कोशिश की. एफआईआर में कहा गया है कि एमटी अस्फाल्ट स्टार ने भारतीय महासागर की ईईज़ेड में बिना किसी भारतीय सरकारी अधिकारी को सूचित किए एमटी अल जफजिया को 30 मीट्रिक टन हेवी फ्यूल ऑयल ट्रांसफर किया. साथ ही, एमची स्टेलर रूबी को 5473 मीट्रिक टन बिटुमेन (सड़क निर्माण के लिए इस्तेमाल) ट्रांसफर किया गया.

जोगिंदर सिंह बरार ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उनके जहाज संकट में फंसे अन्य जहाजों को आवश्यक आपूर्ति प्रदान कर रहे थे तथा कोई अवैध गतिविधि नहीं की गई. उन्होंने भारतीय अधिकारियों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करने की धमकी दी है.




## जब आप सो रहे थे तब अमेरिका में हुई बड़ी हलचल, टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, ट्रंप भड़के

नई दिल्ली/वाशिंगटन/एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ हुई ट्रेड डील पर कोई आंच नहीं आएगी. राष्ट्रपति ने साफ किया कि भारत के साथ जो शर्तें तय हुई हैं, वे जारी रहेंगी. उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें एक 'महान और स्मार्ट' इंसान बताया है. ट्रंप ने अपने टैरिफ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले को 'शर्मनाक' करार देते हुए जजों को खूब सुनाया. हालांकि, कोर्ट के फैसले के महज कुछ घंटों बाद ट्रंप ने 'प्लान-इ' लागू कर दिया है. उन्होंने 'ट्रेड एक्ट 1974' के सेक्शन 122 का इस्तेमाल करते हुए 10% ग्लोबल टैरिफ लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर करने का ऐलान किया है. यह नया टैक्स उन सभी टैरिफ के ऊपर होगा जो पहले से लागू हैं. ट्रंप ने कहा कि हमारे पास वह करने का अधिकार है जो हम चाहते हैं. यह नया टैरिफ अगले तीन दिनों के भीतर प्रभावी हो सकता है. हालांकि, कानून के मुताबिक इसे बिना संसद की मंजूरी के केवल 150 दिनों के लिए ही लागू किया जा सकता है. भारत को लेकर ट्रंप ने फिर कई बड़े दावे किए हैं. उन्होंने कहा कि उनका भारत के साथ रिश्ता शानदार है और पीएम मोदी के साथ उनकी केमिस्ट्री बेहतरीन रही. ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत रूस से तेल ले रहा था और उनकी अपील पर पीछे हट गया. सबसे बड़ा दावा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध होने वाला था जिसे उन्होंने रोका. ट्रंप के मुताबिक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने उन्हें 3.5 करोड़ जानें बचाने का श्रेय दिया. उन्होंने कहा कि उन्होंने सख्त चेतावनी दी थी कि अगर तनाव नहीं रुका तो 200 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाएंगे. इसके बाद दोनों देशों ने शांति का रास्ता चुना.

सेक्शन 122 अमेरिकी व्यापार कानून का एक ऐसा प्रावधान है जिसका इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया. इसके तहत राष्ट्रपति को व्यापार घाटे को संतुलित करने के लिए अधिकतम 15% तक टैरिफ लगाने की शक्ति मिलती है. ट्रंप ने इसी का फायदा उठाते हुए 10% का बेस रेट तय किया है. खास बात यह है कि इसके लिए किसी लंबी जांच या रिपोर्ट की

रणनीतिक साझेदारी आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला से मुलाकात

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत के विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने शनिवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। राष्ट्रपति लूला से मुलाकात के बाद एस. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट लिखा, भारत के राजकीय दौरे पर आए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनकी गर्मजोशी भरी भावनाओं और गाइडेंस की बहुत तारीफ करता हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे भरोसा है कि आज बाद में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मीटिंग से हमारे संबंधों को नई रफ्तार मिलेगी।



इसके बाद ब्राजील के राष्ट्रपति ने भारत की प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मु और पीएम मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद अब पीएम मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति एक द्विपक्षीय मीटिंग करेंगे। ईएएम ने भरोसा जताया कि दिन में बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ब्राजील के प्रेसिडेंट की मीटिंग से द्विपक्षीय संबंधों को नई रफ्तार मिलेगी।

इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने कहा था, दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री आने वाले गणमान्य व्यक्ति के सम्मान में लंच होस्ट करने वाले हैं। दोनों नेता आपसी हितों के क्षेत्रीय और ग्लोबल मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, जिसमें बहुपक्षीय फोरम में सहयोग, रिफॉर्म्ड मल्टीलेटरलिज्म, ग्लोबल गवर्नेंस और ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

बता दें, राष्ट्रपति लूला दूसरे एआई इम्पैक्ट समिट के लिए 18 फरवरी को भारत पहुंचे। उनके साथ करीब 14 मंत्री और ब्राजील की कंपनियों के टॉप सीईओ का एक बड़ा डेलीगेशन भी है। साथ आए मंत्री अपने भारतीय समकक्षों के साथ मीटिंग करेंगे।

## 33 मासूमों से दरिंदगी करने वाले को दंपत्ति को फांसी; बांदा पॉक्सो कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**बांदा/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बांदा स्थित विशेष पॉक्सो अदालत ने आज मानवता को शर्मसार करने वाले एक मामले में अपना कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने सिंचाई विभाग के पूर्व जूनियर इंजीनियर रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को 33 मासूम बच्चों के साथ यौन शोषण और उनकी पोर्नोग्राफी बनाने के जुर्म में फांसी की सजा सुनाई है। सीबीआई ने 31 अक्टूबर 2020 को रामभवन और अन्य के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण, पोर्नोग्राफी बनाने और उसे इंटरनेट पर प्रसारित करने के आरोपों में मामला दर्ज किया था. जांच में सामने आया कि ये शिकारी 2010 से 2020 के बीच बांदा और चित्रकूट के इलाकों में सक्रिय थे. आरोपी रामभवन बच्चों को ऑनलाइन वीडियो गेम, पैसे और उपहारों का लालच देकर अपनी हवस का शिकार बनाता था। सीबीआई की जांच में जो तथ्य सामने आए, वे रूह कपा देने वाले हैं। दरिंदगी के शिकार 33 लड×कों में से कुछ की उम्र महज तीन वर्ष थी। यौन हमले के दौरान कई मासूमों के निजी अंगों में गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस आघात के कारण कुछ बच्चों की आंखों में भेंगापन तक विकसित हो गया। पीड़ित आज भी उस भयानक मनोवैज्ञानिक आघात (क्क'4ष्द्धशद्यशद्दद्बष्ड्डद्य ञ्जह्म्ड्ड''द्बड्ड) से जूझ रहे हैं।

विशेष न्यायाधीश ने आरोपियों के कृत्य को दुर्लभ से दुर्लभतम (क्रड्डह्म्द्ग''' शद्घ क्रड्डह्म्द्ग) श्रेणी का माना. अदालत ने कहा कि 33 बच्चों का व्यवस्थित तरीके से शोषण करना और उनके प्रति ऐसी नैतिक गिरावट समाज के लिए असहनीय है, जहां सुधार की कोई गुंजाइश नहीं बचती।

अदालत ने केवल सजा ही नहीं सुनाई, बल्कि पीड़ितों के पुनर्वास के लिए भी कड़े निर्देश दिए कि सरकार प्रत्येक पीड़ित बच्चे को 10 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करेगी। आरोपियों के घर से जब्त की गई नकदी को भी सभी पीड़ितों में बराबर अनुपात में बांटने का आदेश दिया गया है।

सीबीआई ने इस मामले में 10 फरवरी 2021 को आरोप पत्र दाखिल किया था और 26 मई 2023 को आरोप तय किए गए थे. आज के फैसले ने यह साफ कर दिया है कि बच्चों के साथ होने वाले अपराधों में कानून किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरतेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तहसील नकुड़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस, अफसरों ने सुनी जनता की फरियाद

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद सहारनपुर की तहसील नकुड़ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर अभिनंदन सिंह ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आमजन की समस्याएं गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुनीं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विकास कार्यों तथा विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर संबंधित विभागों को त्वरित, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से संबंधित प्रकरणों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने के निर्देश देते हुए शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

### हत्या के प्रयास के दोषी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

- 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के अंतर्गत प्रभावी पैरवी के चलते, जनपद सहारनपुर के माननीय न्यायालय ने हत्या के प्रयास (धारा 307/34 भादवि) के एक मामले में ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कक्ष संख्या-01) द्वारा अभियुक्त राजकिशोर, पुत्र किशन सिंह (निवासी सरदार कॉलोनी, थाना मण्डी), को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। यह मामला वर्ष 2016 में थाना मण्डी पर पंजीकृत किया गया था। इस सफलता में मॉनिटरिंग सेल की सशक्त पैरवी, विवेचक निरीक्षक दिनेश उपाध्याय, एडीजीसी संदीप सिंह और महिला आरक्षी संगीता की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके प्रयासों से पीड़ित पक्ष को उचित न्याय प्राप्त हुआ।

### महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित सरस राजसखी मेले का भव्य शुभारंभ



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** राजीविका एवं जिला प्रशासन धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ''सरस राजसखी मेला'' का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन हुआ। मेले में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिन पर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने हस्तनिर्मित उत्पादों–हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र, सजावटी सामग्री एवं खाद्य उत्पाद–का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रही हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजवीर सिंह राजावत, भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, सीईओ जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ एवं एसीईओ जिला परिषद बी.आर. जाट सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मेले में प्रतिदिन सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। आयोजकों ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित मेले में पहुंचकर महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को खरीदकर उनका उत्साहवर्धन करें। यह मेला नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मेला 21 से 27 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम बड़ी फील्ड, धौलपुर में आयोजित किया जा रहा है। नागरिकों से इसे सफल बनाने का आह्वान किया गया है।

रील कंपनी से ही डेटा सीधे जिला संघ एवं आरसीडीएफ को भेजा जाएगा

# 1 अप्रैल 2026 से पशुपालकों को 10 प्रति फैट दूध खरीद मूल्य मिलेगा

## अजमेर डेयरी संघ की 160वीं संचालक मंडल बैठक सम्पन्न

### 2% बचत खाते से 0.25 प्रति फैट कटौती 1 अप्रैल से बंद

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** अजमेर डेयरी संघ की 160वीं संचालक मंडल बैठक आज संघ अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पशुपालकों एवं संघ के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्तमान में पशुपालकों को 9 प्रति फैट की दर से दिया जा रहा दूध खरीद मूल्य 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगा। 1 मार्च से समितियों की हिस्सा राशि के रूप में 0.75 प्रति फैट जो जमा हो रही है, उसे मार्च माह के लिए घटाकर 0.50 प्रति फैट किया जाएगा तथा शेष 0.25 प्रति फैट संघ के पोते में जमा रहेगा। इस व्यवस्था से संघ ने चालू वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ का लाभांश अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

संचालक मंडल ने निर्णय लिया कि 1 अप्रैल 2026 से वर्तमान 0.75 प्रति फैट हिस्सा राशि को दूध के क्रय मूल्य में जोड़ दिया जाएगा। इस प्रकार दूध का क्रय मूल्य 9.75 प्रति फैट हो जाएगा तथा शेष 0.25 प्रति फैट संघ अपने पोते से जोड़कर पशुपालकों को कुल 10 प्रति फैट का भुगतान सुनिश्चित करेगा।

संघ में जमा समितियों के 2% बचत खाते में से दुग्ध संकलन पर वर्तमान में की जा रही 0.25 प्रति फैट की कटौती को 1 अप्रैल 2026 से बंद किए जाने का निर्णय लिया गया। पशुपालकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से जो अनुदान राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, उसे शीघ्र दिलाए जाने का भी निर्णय लिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रील कंपनी के माध्यम से ही समस्त डेटा सीधे जिला संघ एवं आरसीडीएफ को प्रेषित किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता एवं त्वरित मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में 207 समितियों को छोड़कर शेष सभी समितियों पर रील पद्धति लागू है। शेष 207 में से 50 समितियों को एनपीडीडी के माध्यम से अगले माह जोड़ा जाएगा तथा अन्य समितियों को मार्च माह तक चरणबद्ध रूप से अपडेट किया जाएगा।



विपणन विस्तार के तहत आगामी वित्तीय वर्ष में प्रतिदिन 3 लाख लीटर दूध बिक्री का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस क्रम में अजमेर शहर में ब्लिंकिट कंपनी द्वारा जयपुर डेयरी के सरस दूध के विक्रय को बंद करवाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही बांदनवाड़ा में प्रतिदिन 1000 लीटर दूध बिक्री पर अंकुश लगाने का निर्णय किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में दूध बिक्री बढ़ाने हेतु प्रत्येक बीएमसी पर 2-इन-1 डी-फ्रिज शीघ्र उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिनमें दूध एवं आइसक्रीम समानांतर रूप से रखे जा सकेंगे। जिले के सशक्त बूथों पर आवश्यक सुरक्षा राशि लेकर डी-फ्रिज उपलब्ध कराए जाएंगे।

दही उत्पादन वर्तमान 10,000 किलोग्राम प्रतिदिन से बढ़ाकर आगामी वित्तीय वर्ष में 20,000 किलोग्राम प्रतिदिन करने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में मिलावट रोकने हेतु कड़ा निर्णय लिया गया। समस्त समितियों को निर्देशित किया गया कि वे निजी दूध लेने पर पूर्णतः अंकुश लगाएं। यदि भविष्य में संघ स्तर पर किसी समिति का मिलावटी दूध पाया गया तो संबंधित समिति को 3 वर्ष के लिए निलंबित किया जाएगा तथा 1 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा।

दूध भुगतान समय पर जारी रखने हेतु एनसीडीसी से वर्किंग कैपिटल के लिए ऋण प्राप्त हो चुका है। इसके अतिरिक्त पूर्व में एचडीएफसी बैंक से आरसीडीएफ के माध्यम से 90 करोड़ का ऋण भी लिया जा चुका है। बैठक में मिड डे मील के 74 करोड़ बकाया भुगतान का विषय आरसीडीएफ प्रतिनिधि के समक्ष रखा गया तथा राज्य सरकार से शीघ्र भुगतान दिलवाने का अनुरोध किया गया।बैठक में निम्न समितियों की सदस्यता स्वीकृत की गई -

ठीकराना गुजरान दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, रामगढ़ महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, कास्या महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, उत्तमी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, अडवाणिया महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति एवं गिगलपुरा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति।

संघ में रिक्त 83 पदों पर सीधी भर्ती हेतु संचालक मंडल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। भर्ती प्रक्रिया आरसीडीएफ के माध्यम से सहकारी भर्ती बोर्ड द्वारा शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। साथ ही संघ के दूध उत्पादकों के हित में ₹सरस सुरक्षा कवच'' योजना के स्थान पर आरसीडीएफ द्वारा एलआईसी के माध्यम से नई योजना लागू किए जाने के प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के अंतिम निर्णय में संघ के ठेका श्रमिकों के दैनिक मानदेय में न्यूनतम 67 प्रतिदिन की वृद्धि तथा स्थायी कर्मचारियों के विशेष पैकेज में 2000 की बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान सचिव संघ के अध्यक्ष श्री जसराज रेहलाणिया द्वारा उनकी मांगें पूर्ण होने पर संघ के संचालक मंडल का आभार व्यक्त किया गया।

संघ अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि संचालक मंडल द्वारा लिए गए सभी निर्णय पशुपालकों की आय वृद्धि, दूध विपणन विस्तार एवं संघ की वित्तीय सुदृढ़ता की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

संघ संचालक मंडल की आगामी बैठक दिनांक 28 मार्च 2026 को आयोजित करना निर्धारित किया गया है।बैठक में प्रबंध संचालक श्री रामलाल चौधरी, राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) प्रतिनिधि श्री संतोष कुमार शर्मा, संचालक मंडल सदस्यगण छोगा लाल चौधरी, दिनेश सिंह राठौड़, श्री लादूराम जाट, रामपाल गुर्जर, श्री रूपचंद नुवाद,राजेन्द्र कुमार चौधरी, भागचंद घासल एवं अजमेर डेयरी के पी एंड आई अधिकारी लादूराम चौधरी, वित्त एवं लेखा अधिकारी अतुल सक्सेना, रोशन कुमार जैन एवं सतीश जैमन सहायक रजिस्ट्रार दुग्ध अजमेर आदि उपस्थित रहे।

### नुनहेरा में आम रास्ते पर कीचड़ से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित, ग्रामीणों में रोष

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण/सैंपऊ उपखंड। सैंपऊ उपखंड के गांव नुनहेरा में स्कूल जाने वाले मुख्य रास्ते पर पिछले 12 महीनों से जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी हुई है। ''पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया'' के नारे के बीच यहां छात्र-छात्राओं को स्कूल पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के मोहल्लों से निकलने वाले दूषित पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरा रास्ता कीचड़ से भरा रहता है।

ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या पिछले पांच वर्षों से बनी हुई है। गांव के युवा करन परमार के नेतृत्व में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने कई बार धौलपुर प्रशासन के अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया। हाल ही में प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन से करीब चार घंटे कार्य करवाया गया, लेकिन 40 फुट चौड़ा रास्ता साफ करने के बजाय मात्र 20 - 25 फुट ही साफ किया जा सका।



आरोप है कि सेक्रेटरी, सरपंच और पटवारी दबंगों के दबाव में पूर्ण कार्य नहीं करवा पाए। विद्यार्थियों ने बताया कि पहले वे खेतों की पगडंडियों से स्कूल जाते थे, लेकिन अब किसानों द्वारा तारबंदी और करंट के तार लगाने के कारण वह रास्ता भी बंद हो गया है। कई छात्र-छात्राएं कीचड़ में फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे चोटिल होने के साथ कपड़े खराब हो जाते हैं और उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है। गांव में 12वीं तक विद्यालय संचालित है और बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं, बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

करन परमार ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देश पर एसडीएम ने 40 फुट रास्ता साफ करने एवं स्कूल के सामने गड्ढे के चारों ओर तारबंदी कराने के आदेश दिए थे, लेकिन आदेशों की पालना नहीं हुई। बजट का अभाव बताकर टालमटोल की जा रही है। ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

### रेलवे पुल को लेकर सांसद डॉ.रावत को सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/सेमारी।** सलूंबर जिले के सेमारी के धनकावाड़ा और सदकड़ी से जुड़े ग्रामीणों ने सेमारी -कुंडलगढ़ रेलवे ट्रैक के कि.मी 200/18 से 200/21 के बीच यातायात आवागमन हेतु रेलवे अंडरब्रिज को लेकर अमर चंद मीणा (वेणफला)के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा सांसद महोदय को निजी आवास पर पहुंचकर ज्ञापन देकर आवश्यक रेलवे अंडरब्रिज पुल की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त निर्धारित जगह पर नागरिक यातायात पुल नहीं होने से करीब दो हजार की आबादी को आठ से दस किलोमीटर घूमकर आने को मजबूर होना पड़ रहा है इस पर सांसद डॉ.मन्नालाल रावत ने उच्चाधिकारियों से बात कर ग्रामीणों की मांग को जायज ठहराते हुए आवश्यक सर्व कार्य कर उपयुक्त समाधान के दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान गलजी महेंद्र (भाजपा बुथ अध्यक्ष)देवीलाल भीमराज हीरालाल यशवंत समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

जियो-शिक्षा क्लासरूम बदल सकता है पढ़ाई का तरीका

# जियो-शिक्षा का स्मार्ट क्लासरूम: स्कूल बैग का बोझ होगा कम

- AI के साथ घर और स्कूल के बीच बनेगा एक ही लर्निंग स्पेस

चमकता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इंडिया अक इम्पैक्ट समिट में लगे जियो पवेलियन पर जियो-शिक्षा क्लासरूम खास तौर पर पेरेंट्स और स्टूडेंट्स का ध्यान खींच रहा है। यह सिर्फ एक टेक डेमो नहीं, बल्कि पढ़ाई के तौर-तरीकों को बदलने की एक गंभीर कोशिश के रूप में सामने आया है। भारत में करीब 25 करोड़ छात्र पारंपरिक तरीकों से पढ़ाई कर रहे हैं। जियो-शिक्षा मॉडल का विज़न है कि आने वाले समय में स्कूलों को ''अक पॉवर्ड लर्निंग हब्स में बदला जा सके।

जियो-शिक्षा क्लासरूम के दो बुनियादी स्तंभ हैं, जियो ई-बोर्ड और जियो ई-बुक। दोनों क्लाउड के जरिए जुड़े हैं। शिक्षक बोर्ड पर जो पढ़ाते हैं, वही कंटेंट सीधे विद्यार्थियों की ई-बुक तक पहुंच जाता है। इससे न नोट्स कॉपी करने का झंझट रहता है और न ही भारी किताबों का बोझ। ई-बुक में न सिर्फ पाठ्यपुस्तकें, बल्कि उनसे जुड़े वीडियो, क्विज़ और अतिरिक्त अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध रहती है। यानी ब्लैकबोर्ड, किताबें, होमवर्क नोट्स और स्टडी मटीरियल, सब एक डिजिटल इकोसिस्टम में, एक क्लिक पर उपलब्ध।




पढ़ाई का असर तभी गहरा होता है जब छात्र अपनी गति और अपने समय के अनुसार सीख सकें। जियो-शिक्षा इसी निरंतरता पर जोर देता है, ताकि क्लासरूम और घर के बीच पढ़ाई का प्रवाह बना रहे। जो भी कंटेंट क्लासरूम में पढ़ाया जाता है, उसे छात्र घर पर भी आसानी से एक्सेस कर सकते हैं। मॉडल का अकट्यूटर कॉन्सेप्ट क्लैरिटी देता है, अलग-अलग भाषाओं में संवाद कर सकता है और हर छात्र के लिए अलग लर्निंग पाथ सुझा सकता है। इससे रटने की संस्कृति से हटकर समझ आधारित पढ़ाई की दिशा में कदम बढ़ाने की बात की जा रही है।

जियो-शिक्षा क्लासरूम मॉडल का फोकस सिर्फ छात्रों पर नहीं, बल्कि शिक्षकों पर भी है। शिक्षक पढ़ाने पर ज्यादा ध्यान दे सकें, इसलिए सिस्टम ऑटोमेटेड इवैल्यूएशन, रियल-टाइम परफॉर्मेंस डेटा और एडमिनिस्ट्रेटिव बोझ में कमी जैसे फीचर प्रदान करता है। प्रिंसिपल और अभिभावकों को भी छात्रों की प्रगति का रियल-टाइम डेटा मिल सकता है, जिससे समय रहते शैक्षणिक हस्तक्षेप संभव हो सके।

फिलहाल यह मॉडल शुरुआती चरण में है और कुछ ही स्कूलों में लागू हुआ है, लेकिन इसकी दिशा संकेत देती है कि भविष्य का क्लासरूम कैसा हो सकता है। इसे केवल एक टेक प्रोडक्ट की तरह नहीं, बल्कि एक विकसित होते लर्निंग सिस्टम की तरह देखा जा रहा है। यदि यह मॉडल व्यापक रूप से लागू होता है, तो यह न सिर्फ स्कूल बैग का बोझ कम करेगा, बल्कि सीखने को ज्यादा व्यक्तिगत, सुरक्षित और सुलभ बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा सकता है।


## कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नया सजाड़ा

पं. स. लूणी, जिला-जोधपुर (राज.) 342 027 डाईस कोड : 08150819401

क्रमांक :- ध्वस्तीकरण/2025-26/652 दिनांक 20 फरवरी 2026

### विद्यालय भवन ध्वस्तीकरण व मलबा निस्तारण हेतु खुली बोली नीलामी आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि विधालय विकास एवं प्रबंध समिति रा.उ.मा.वि.नया सजाडा ब्लॉक लूणी जोधपुर व्दारा स्थानीय विधालय भवन के नियमानुसार 03कक्षा कक्ष बरामदे के जर्जर हो जानें के कारण उन्हें सुरक्षित ध्वस्तीकरण करने एवम् लाभप्रद मलबा निस्तारण के कार्य हेतु अनुभवी एवं योग्य आमजन /अभिभावकों/ठेकेदारों/ फर्मों को खुली बोली निलामी हेतु आमंत्रित किया जाता है।

| ध्वस्तीकरन | | | मलबा निस्तारण / बेचान | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | क्षेत्र | संख्या | क्षेत्रफल | अनुमानित लागत रु. | अनुमानित बिक्री राशि में | विद्यालय की अनुमानित आय | धरोहर राशि रु. |
| 1 | कक्षा कक्ष मभ बरामदे | 03 | 188 वर्ग मीटर | 60,000/- | 1, 82,000/- | 1, 22,000/- | 10,000/- |

**शर्तें निम्नवत रहेगी**

1. 05/03/2026 को अपरान्ह 1:00 बजे से धरोहर राशि जमा की जायेगी और इसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे उक्त निविदा नीलामी की खुली बोली लगाई जायेगी।
2. सफल बोली दाता को कामादेश जारी होने की 7 दिन की अवधि में 12/03/2026 सायं 8.00 बजे तक सुरक्षित ढंग से ध्वस्तीकरण एवं मलबा निस्तारन का कार्य सम्पन्न करके कार्य पुर्वाहा प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरकती से प्राप्त करना है।
3. उक्त प्रक्रिया में नियमानुसार जीएसटी देय होगी।

सचिव अध्यक्ष
विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नया सजाड़ा, लूणी, जोधपुर

सचिव अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंधन समिति
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नया सजाडा लूणी जोधपुर

प्रधानाचार्य
रा. उ. मा. विद्यालय
सजाडा (जोधपुर)


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929